डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22

वर्ष : 09 > अंक : 48 > मूल्य: 10 रुपए >पृष्ठ : 08

R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746

मीडिया दृष्टिकोण

# हिलव्यू समाचार

ठोस चरित्र निडर होता है।
-शालिनी श्रीवास्तव

website: www.hsnews.in

साप्ताहिक समाचार पत्र

जयपुर, बुधवार, 31 मई 2023 ()

28 मई का विशेष अंक





*यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल अवैध निर्माणों और सरकारी भूमियों पर अतिक्रमणों के मामलों में चुप्पी साधे हुए हैं.....क्यों?*

## पंचवटी सर्कल के भूमाफ़ियाओं के पापों का जल्द होगा पर्दाफ़ाश

**शालिनी श्रीवास्तव**

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। पंचवटी सर्कल के भूमाफ़ियाओं के अंत का पंचकर्म अपनी तेज़ गति से आगे बढ़ रहा हैं। हिलव्यू समाचार के लगातार प्रकाशन में पंचवटी सर्कल सुर्खियों में हैं। लगातार सरकारी ज़मीनों पर हो रहे कब्ज़े और उस पर अवैध निर्माण फिर फ़र्ज़ी रजिस्ट्रियाँ और कियायनामें,झूठे शपथपत्र कॉपरेटिव विभाग से लेकर निगम और फिर डीएलबी के सरकारी दफ़्तरों में बन्द हैं और ये सब बहुत बड़ा प्रमाण है इस साज़िश का जिसका अस्तित्व नहीं मिटाया जा सकता।

पंचवटी सर्कल के दो पूर्व पार्षद सहित भूमाफ़िया ग़लतफ़हमी में हैं कि इनका भांडा कोई नहीं फोड़ सकता लेकिन नियति और नियम दोनों इनके विरुद्ध खड़े हैं। सरकारी दफ़्तरों के अधिकारियों से सांठगांठ कर ये भूमाफ़िया भले की कितने भुलावे में रह लें लेकिन इनका किया अवैध काम वैध अवधि पर ज़रूर खुलेगा।

हिलव्यू समाचार की पड़ताल लगातार जारी है।सूचना का अधिकार हो या मीडिया का सशक्त बल पंचवटी सर्कल को इन भूमाफ़ियाओं से मुक्त करवाना ही हिलव्यू समाचार का मूल उद्देश्य है। इस सम्बंध में मालवीय नगर विधानसभा सबंधित सभी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से लगातार सम्पर्क किया जा चुका और विधि सम्मत सभी कार्यवाही और सबंधित प्रमाण प्राप्त करने का कार्य प्रगति पर है।



*सरकारी व सांस्थानिक ज़मीनों के फ़र्ज़ी और झूठे दस्तावेज़ों से लिखी अतिक्रमण और अवैध निर्माण की कहानी का जल्द होगा ख़ुलासा*



*बन्नूवाल कमेटी की करोड़ों की ज़मीन और सरकारी स्कूल,पुराने डाकघर की ज़मीन पर भूमाफ़ियाओं का कब्जा अब लगातार सुर्खियों में*







*सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण कर बनी पाँच दुकानों में से चार दुकानें सील हुईं और उनमें एक अवैध दुकान की सील बीस लाख लेकर खोली गई प्रमाणित है कि भ्रष्टाचार के तार नीचे से ऊपर तक जुड़ें हैं! जितेन्द्र गुलाटी को चुप रहने पर भूमाफियाओ द्वारा मिली अवैध दुकान।*

### सत्ता में हमारी सरकार के बिना हम शक्तिहीन : कालीचरण सर्राफ़ विधायक मालवीयनगर विधानसभा,जयपुर

हमारी सरकार आएगी तब इन सबका हिसाब होगा अभी हम शक्तिहीन हैं हमारी सरकार के बिना। मालवीय नगर उपायुक्त महेश मान किसी की नहीं सुनता जहाँ से पैसा मिल जाता है वहाँ कार्यवाही नहीं करता और जहाँ से नहीं मिलता है वहाँ कड़ी कार्यवाही कर वाहवाही लूटता है। इन सबकी वजह यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ही है। पूरे शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण हो रहे हैं। आप तो अख़बार की मालिक हो कुछ भी कह और कर सकती हो, हम तो सरकार के नौकर हैं हमें तो सरकार के सत्ता में होने से ही मज़बूती मिलती है।

### पंचवटी सर्कल के इस मामले पर जाँच करवाती हूँ : सौम्या गुर्जर मेयर, नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(विधायक सर्राफा की धाक मेयर सौम्या गुर्जर के शब्दों के सामने धूल चाटती नज़र आई)

**पंचवटी सर्कल की सरकारी ज़मीनें भूमाफ़ियाओं के कब्ज़े में ?**

**मैं इसकी जाँच करवाती हूँ। जल्द ही इस पर कार्यवाही होगी। आप निश्चिंत रहें!**



*सौम्या गुर्जर, मेयर नगर निगम ग्रेटर जयपुर*

(14 व 21 मई के हिलव्यू समाचार पत्रों के मुख्य पृष्ठों को ध्यान से पढ़ते हुए मेयर सौम्या गुर्जर चौंकी और मालवीय नगर जोन उपायुक्त महेश मान को फोन मिलाकर उनसे इस सम्बंध में जानकारी लेते हुए उन्हें इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा)

### हम तो पार्षद हैं हमारी बड़े-बड़े मंत्रियों व अधिकारियों के सामने क्या हैसियत: स्वाति परनामी

हम पार्षद तो छोटी सी चिड़िया की तरह हैं। हमारी क्षेत्रीय विधायक,मेयर,मंत्री या बड़े-बड़े अधिकारियों के सामने पावर ही कितनी है इन सबको भी तो ये सब अवैध निर्माण और अतिक्रमण दिख रहे हैं फिर कार्यवाही क्यों नहीं हो रही यह समझा जा सकता है। हमारी सरकार अभी सत्ता में नहीं, हम कर ही क्या सकते हैं,आप ही बताइए?



*वार्ड 149 पार्षद स्वाति परनामी, मालवीयनगर जोन,नगर निगम ग्रेटर जयपुर*

### महेशमान की मनमानी भ्रष्टाचार में बदली

हर दबी ज़ुबान पर चर्चा है कि उपायुक्त महेश मान एक मनमाने भ्रष्ट अफसर हैं। मालवीयनगर जोन में धड़ल्ले से होने वाले अवैध निर्माण और अतिक्रमण भी इसका सशक्त प्रमाण हैं। पाँच-पाँच मंज़िला के आवासीय भूखण्डों पर कमर्शियल निर्माण हो रहे हैं। पार्किंग नहीं हैं। निगम से निर्माण की परमिशन नहीं हैं। भू-उपयोग-भू-रूपांतरण की तो आवश्यकता ही नहीं अगर आपने निगम के अधिकारियों से मिलीभगत कर ली तो। बहुमंज़िला बिल्डिंग्स में फायर एनओसी नहीं हैं। अधिकाँश ढाबे या रेस्टोरेंटो के पास आरएमए लाइसेंस या फ़ायर प्रोटेक्शन लाइसेंस,फ़ूड लाइसेंस नहीं है। इन सभी कमियों से उपायुक्त महेश मान अनजान नहीं हैं और तो और उनका लगातार पंचवटी सर्कल आना-जाना भी इस बात का प्रमाण है कि सब कुछ जानते हुए भी कार्यवाही के नाम पर उपायुक्त महेश मान निष्क्रिय हैं क्यों? कार्यवाही क्यों नहीं कर रहे? पंचवटी सर्कल की सरकारी स्कूल की ज़मीन पर बनी पाँच में से चार दुकानें सील हुई उनमें से एक की सील खुल गयी किन दस्तावेज़ों के आधार पर,कौन हैं उनका मालिक? क्या काग़ज़ात प्रस्तुत किये गए? सब कार्यावाही सन्देह के घेरे में है।



*उपायुक्त महेश मान, मालवीयनगर जोन, नगर निगम ग्रेटर,जयपुर*

### बीस लाख लाओ और अवैध दुकान व मकान की सील खुलवाओ!



भूमाफ़ियाओं व अतिक्रमणकारियों के झूठे शपथ पत्रों,झूठे दस्तावेज़ों का पुलिंदा जमा करके लगातार अवैध निर्माणों,अतिक्रमणों की सील खोलने का आदेश देने वाले दबंग डीएलबी निदेशक हृदेश शर्मा यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के ख़ास अफसरों में से एक हैं इसीलिए इन्हें आशीर्वाद प्राप्त है मनमानी करने का। पंचवटी सर्कल की इन पाँच अवैध दुकानों में से एक की सील खोलने का बड़ा सौदा बीस लाख रुपये में किसने और किससे किया यह पंचवटी सर्कल के भूमाफ़ियाओं को जेल में डालकर पूछा जा सकता है अन्यथा तो हिलव्यू समाचार की पड़ताल तो निरंतर जारी है ही।

**हृदेश शर्मा, निदेशक, डीएलबी**

### ख़बर-बेख़बर

## प्लॉट न. C-27 सिंधी कॉलोनी राजापार्क के ज़ीरो सेटबैक से सकड़ी हुई सड़क



### ■ लालचन्द देवनानी पूर्व पार्षद सिंधी कॉलोनी का अवैध निर्माण बना सरदर्द आसपास रहवासियों के लिए
### ■ पार्किंग की भी नहीं छोड़ी है कोई जगह!

**शालिनी श्रीवास्तव**

**जयपुर(हिलव्यू समाचार)**। C-27, सिंधी कॉलोनी राजापार्क लालचन्द देवनानी पूर्व पार्षद का अवैध निर्माण आदर्शनगर जोन नगर निगम हैरीटेज को सन्देह के घेरे में लाकर खड़ा कर रहा है।ज़ीरो सेटबैक पर बन रही यह अवैध बिल्डिंग आवासीय भूखण्ड में कमर्शियल बन रही है। इसके मालिक लालचन्द देवनानी होटल के लिए प्लॉट न.C-27 को बहुमंज़िला बढ़ाये जा रहे हैं। यहाँ तक कि पार्किंग की भी कोई जगह इस बिल्डिंग में नहीं छोड़ी गई है।

यह अवैध बहुमंज़िला बिल्डिंग सड़क की चौड़ाई तो खा ही गयीं है और तो और ट्रैफ़िक जाम का मुख्य कारण भी यही अवैध निर्माण हैं।

नगर निगम की मिलीभगत और भ्रष्टाचार इनका सबसे बड़ा सहयोगी है। आदर्श नगर नगर निगम हैरीटेज के उपायुक्त सुरेश राव कोरी बातों के अलावा कार्यवाही पर ध्यान दें तो आम।जनता ठगने से बच सकती हैं।

सबसे बड़ी बात इस छोटे से बर्फ़ख़ाना चौराहे पर घँटों जाम हो जाता है लेकिन किसी को कोई सरोकार नहीं।

जीरोसेटबैक,आवासीय में कमर्शियल निर्माण,बिना नक़्शे,ले-आउट प्लान,बिना भू-रूपांतरण के आवासीय में बनती यह कमर्शियल बिल्डिंग्स सरकार और प्रशासन दोनों के अस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह लगाती है।

# हिलव्यू समाचार ने 250 लड़कियों व महिलाओं को निःशुल्क दिखाई "द केरला स्टोरी" फ़िल्म

### देश की सम्पत्ति, सभ्यता एवं मानवीय मूल्यों का संरक्षण हो, यही मूल उद्देश्य लेकर रखी गयी मिशन की नींव

### देश की बेटियों की आँखें खोलने और दिमाग़ को सुदृढ करने की हिलव्यू समाचार ने उठायी ज़िम्मेदारी











**कुलदीप गुप्ता**

**जयपुर**। हिलव्यू समाचार द्वारा 250 लड़कियों एवं महिलाओं को निःशुल्क 'द केरला स्टोरी' फ़िल्म सोमवार 29 मई,सुबह नौ बजे पिंक स्क्वायर मॉल आइनॉक्स सिनेमा हॉल में दिखाई गयी।

परम्परा,रीति रिवाज और सभ्यता एवं संस्कृति जीवन शैली के परिचय के साथ-साथ समाज के परिचायक होते हैं जिनसे मिलकर एक उन्नत समाज और देश का निर्माण होता है।

देश की सम्पत्ति, सभ्यता एवं मानवीय मूल्यों का संरक्षण हो सके इसकी जिम्मेदारी प्रत्येक आम नागरिक की होती है। जिसमें महिलाओं की भगीदारी पुरुषों की अपेक्षा ज़्यादा होती है।



देश की बेटियों की आँखें खोलने और दिमाग़ को सुदृढ करने व पारिवारिक संस्कार व मूल्यों को अपने साथ लेकर चलने की सीख देने के उद्देश्य से यह फ़िल्म देश की हर महिला व लड़की को देखनी चाहिए।

हालांकि यह फ़िल्म केवल बेटियों की ज़िम्मेदारी नहीं बताती बल्कि माता-पिता की परवरिश की भी महत्वपूर्ण भूमिका को चेता रही है।इसी के साथ देश व राज्यों की सभी सरकारों और पुलिस प्रशासन के लिए भी यह फ़िल्म एक चुनौती है।

हिलव्यू समाचार द्वारा शुरू की गई इस मुहिम का यह प्रथम चरण था जो सफलतापूर्वक 29 मई को सम्पन्न हो गया। इस मुहिम को शुरू करने की परिकल्पना हिलव्यू समाचार संपादक शालिनी श्रीवास्तव एवं सह-संपादक कुलदीप गुप्ता द्वारा की गई।

लगातार रजिस्ट्रेशन हुए और 5 दिन में लगभग 450 रजिस्ट्रेशन हो गए जिसमें 18 वर्ष की आयु सीमा के ऊपर की लड़कियों व महिलाओं चयन किया गया।

प्रथम चरण में 250 महिलाओं का रजिस्ट्रेशन फाइनल किया गया। फ़िल्म के दौरान महिलाओं को रिफ्रेशमेंट भी दिया गया। इस मिशन की सफलता में सह-संपादक हरीश श्रीवास्तव, समाजसेवी सुनील असीजा, फोटोग्राफर राजदीप सैनी, समाजसेवी राकेश आमजन, ईशान, सुमन सीकरी, सुनीता व आईनॉक्स के मैनेजर विशाल एवम उनकी टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## सम्पादकीय

# कश्मीर न आकर पाक-चीन ने मुँह की खाई

हमेशा कश्मीर का राग अलापने वाले पाक और उसकी हां में हां मिलाने वाले चीन को भारत ने एक ही दांव में चित कर दिया। चीन-पाक ने कश्मीर में होने वाली जी-20 कार्यकारी समूह की तीसरी बैठक में हिस्सा न लेने का ऐलान करके अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के समक्ष कश्मीर मुद्दे पर भारत को घेरने की नापाक कोशिश की थी, लेकिन उनके सारे प्रयास धराशायी हो गए। उनका साथ दे रहे तुर्किये को भी मुंह की खानी पड़ी। श्रीनगर में जी-20 के पर्यटन कार्यसमूह का सम्मेलन होना इसका परिचायक है कि भारत अपने आंतरिक मामलों में किसी अन्य देश की आपत्ति सहन करने को तैयार नहीं करता। भारत ने न केवल पाकिस्तान, चीन की आपत्ति को दरकिनार किया बल्कि इन दोनों देशों को दो टूक जवाब भी दिया। ऐसा करना आवश्यक था, क्योंकि भारत को अपने किसी भी भूभाग में हर तरह के आयोजन करने का अधिकार है, वे चाहे अंतरराष्ट्रीय स्तर के ही क्यों न हों। चीन-पाक के विरोध के बावजूद अंतरराष्ट्रीय स्तर के 122 प्रतिनिधियों ने पर्यटन समूह की बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक का इसलिए भी महत्व बढ़ गया था, क्योंकि कश्मीर से धारा 370 खत्म करने के बाद यह पहला ऐसा आयोजन था, जिसमें पूरी दुनिया के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे थे। पाक-चीन इससे दूर रहने का ऐलान करके फिर से कश्मीर को हवा देने का प्रयास किया, लेकिन कामयाब नहीं हो सके। जिस तरह से कार्यक्रम में विदेशी मेहमान पहुंचे उससे एक बात तो साफ हो गई कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय मानता है कि जम्मू-कश्मीर से विभाजनकारी अनुच्छेद 370 खत्म करने का भारत का निर्णय सही था। पहले भी चीन कश्मीर के मामले में अपनी फजीहत पहले भी करा चुका है। उसने पाकिस्तानी आतंकियों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से प्रतिबंधित करने की पहल में हर बार अड़ंगा लगाया, लेकिन कई मौकों पर उसे मुंह की खानी पड़ी। चीन अपनी हरकतों से यही बता रहा कि आतंकवाद के मामले में उसकी कथनी-करनी में अंतर है। यह अंतर दुनिया भी देख रही है, लेकिन चीन सही रास्ते पर आने को तैयार नहीं। उसने अरुणाचल प्रदेश में भी जी-20 की एक बैठक का बहिष्कार किया था, लेकिन भारत अपने निर्णय पर अडिग रहा। उसे आगे भी न केवल ऐसा करना चाहिए, बल्कि चीन को उसी की भाषा में जवाब देना चाहिए। भारत को उसके समक्ष यह साफ करना भी आवश्यक है कि तिब्बत और हांगकांग उसकी दुखती रग हैं। उसकी इसी रग को दबाना चहिए। भारत सरकार ने भी कश्मीर के श्रीनगर में जी-20 से जुड़े आयोजन को भव्य रूप देने में कोई कसर नहीं उठा रखी। कार्यक्रम के माध्यम से दुनिया को बदलते जम्मू-कश्मीर को देखने का अवसर मिलेगा। इससे पाक-चीन का वह मंसूबा नाकाम हो गया, जिसमें वे कश्मीर के बारे में बेहूदी बातें करके भारत को बदनाम करने की कोशिशें करते आ रहे थे। इसके अलावा दोनों देशों को विश्व मंचों पर भारत की बढ़ती ताकत का भी आभास होगा। वह सभी महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जिस तरह विश्व समुदाय का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है, उससे यही पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मामलों में भारत की भूमिका किस कदर बढ़ रही है। इसका एक प्रमाण अभी हाल में हिरोशिमा में जी-7 की बैठक में मिला और फिर पापुआ न्यू गिनी में भी। भारतीय प्रधानमंत्री जिस तरह जापानी मीडिया में छाए रहे, उसी तरह पापुआ न्यू गिनी और फिजी में भी। जिस तरह सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा, मोदी इज द बॉस। उससे पाक-चीन को समझ जाना चाहिए कि अब भारत बदल चुका है, वो किसी के दबाव में नहीं आने वाला।



दस्तक
रवि शंकर

# स्वास्थ्य सेवाएँ बेहतर बनानी होंगी

किसी भी देश की तरक्की तभी संभव है जब उसके नागरिक सेहतमंद हों। भारत जैसे देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में खर्च बढ़ाया जाना एक जरूरत बन चुकी है, जहां प्रति व्यक्ति कुल स्वास्थ्य खर्च बेहद कम है। स्वास्थ्य सेवा पर भारत का सार्वजनिक व्यय वित्त वर्ष 2023 में सकल घरेलू उत्पाद का केवल 2.1 प्रतिशत है, जबकि जापान, कनाडा और फ्रांस अपने सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 10 प्रतिशत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा पर खर्च करते हैं। आर्थिक समीक्षा 2022-23 में कहा गया है कि सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और सस्ती बनाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य पर व्यय बढ़ाकर 2025 तक जीडीपी के 2.5 फीसदी के बराबर करने की जरूरत है।

किसी भी देश की तरक्की तभी संभव है जब उसके नागरिक सेहतमंद हों, लेकिन भारत में स्वास्थ्य सेवा की स्थिति बहुत सम्मानजनक नहीं है। यहां की सरकार को अपनी 143 करोड़ आबादी की सेहत का ख्याल रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार इसके लिए हर साल स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपये का बजट पेश करती हैं, मगर आज भी देश की स्वास्थ्य सेवाएं सवालों के घेरे में हैं। देश में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। महामारी ने नया नजरिया दिया है। इस लिहाज से स्वास्थ्य सेक्टर पर अधिक खर्च और अधिक बजट की उम्मीद भारत ही नहीं पूरी दुनिया में बढ़ रही है, मगर भारत जैसे देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में खर्च बढ़ाया जाना एक जरूरत बन चुकी है, जहां प्रति व्यक्ति कुल स्वास्थ्य खर्च बेहद कम है। स्वास्थ्य सेवा पर भारत का सार्वजनिक व्यय वित्त वर्ष 2023 में सकल घरेलू उत्पाद का केवल 2.1 प्रतिशत है, जबकि जापान, कनाडा और फ्रांस अपने सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 10 प्रतिशत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा पर खर्च करते हैं। आर्थिक समीक्षा 2022-23 में कहा गया है कि सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और सस्ती बनाने के लिए केंद्र व राज्यों का सार्वजनिक स्वास्थ्य पर व्यय धीरे- धीरे बढ़ाकर 2025 तक सकल घरेलू उत्पाद के 2.5 फीसदी के बराबर करने की जरूरत है। मामूल हो, वित्त वर्ष 2023 के बजट अनुमान में स्वास्थ्य के लिए कुल वित्तीय आवंटन सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2.1 प्रतिशत रखा गया है। वित्त वर्ष 2022 के संशोधित अनुमान में 2.2 प्रतिशत था।

स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच और इनकी गुणवत्ता (एचएक्यू) मामले में भारत 145वें स्थान पर है। लैंसेट के अध्ययन के अनुसार, भारत 195 देशों की सूची में अपने पड़ोसी देश चीन, बांग्लादेश, श्रीलंका और भूटान से भी पीछे है। 'ग्लोबल बर्डेन ऑफ डिजीज' अध्ययन में हालांकि कहा गया है कि स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच और गुणवत्ता मामले में वर्ष 1990 के बाद से भारत की स्थिति में सुधार देखे गए हैं। भारत सूची में चीन (48), श्रीलंका (71), बांग्लादेश (133) और भूटान (134) से भी नीचे है, जबकि स्वास्थ्य सूची (हेल्थ इंडेक्स) में भारत का स्थान नेपाल (149), पाकिस्तान (154) और अफगानिस्तान (191) से बेहतर है। बहरहाल, सरकार के सामने देश की विशाल व विविधता भरी जनसंख्या को सस्ता और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती रहती है, क्योंकि स्वास्थ्य पर प्रति व्यक्ति का खर्चा दिन- प्रतिदिन बढ़ रहा है और बुनियादी ढांचों की कमी बहुत ज्यादा है। 15वें वित्त आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कुल 18,99,228 अस्पताल के बिस्तर होने का अनुमान है और अगर देखा जाए तो प्रति 1,000 जनसंख्या पर लगभग 1.4 बिस्तर उपलब्ध हैं। दूसरे देशों की बात की जाए तो चीन में बेड का अनुपात 1000 पर चार से अधिक है। श्रीलंका, यूनाइटेड किंगडम और यूनाइटेड राज्यों में प्रति 1,000 पर लगभग तीन हैं और थाईलैंड और ब्राजील में अस्पताल के बिस्तर प्रति 1,000 पर दो से अधिक हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक ये आकंड़ा 1000 की जनसंख्या पर कम से कम 5 होना



चाहिए। एक रिपोर्ट के मुताबिक अस्पतालों के भारी भरकम बिल भरने की वजह से भारत में हर साल करीब छह करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। ऐसे लोग इलाज के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका प्रमुख कारण भारत के लोगों की सस्ती, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नहीं होना है और इसका एकमात्र समाधान पर्याप्त संख्या में लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवर मुहैया कराना है। देश के स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में लगातार उदारीकरण के बावजूद, देश की कुल आबादी के पांचवें हिस्से से भी कम जनसंख्या स्वास्थ्य बीमा के दायरे में है। इसके कई कारण है। खैर, ऐसे में विश्व बैंक की उस रिपोर्ट पर विचार करने की जरूरत है, जिसमें कहा गया है कि 90 फीसदी बीमारियों की पहचान की जा सकती है और इसे ठीक भी किया जा सकता है। अफसोस है कि किसी ने इस सुझाव पर गंभीरता से विचार नहीं किया। अफसोस ये है कि कोई भी सरकार आए, तात्कालिक समस्याओं का समाधान खोजने में समय गंवा देती है। किसी भी देश का विकास योग्य और स्वस्थ मानव संसाधन पर निर्भर करता है। शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिससे मानव संसाधन को बेहतर बनाया जा सकता है। अमर्त्य सेन का कहना है कि उदारीकरण के लिए चाहे जितने भी सेक्टर खोल दें, शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिसे हर हाल में सरकारी क्षेत्र में ही होने चाहिए। कनाडा, डेनमार्क, स्वीडन, नॉर्वे, जर्मनी, यूके, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में दुनिया की सबसे अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रहीं हैं, पर भारत जैसी बड़ी आबादी वाले देश में बिना अधिक पैसे खर्च किए आपको अच्छी स्वाथ्य सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। भारत की मौजूदा स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली अनेक प्रकार की विसंगतियों एवं विषमताओं से परिपूर्ण है। यह विडंबना तब है जब भारत में इन समस्याओं से निपटने के लिए सभी जरूरी कार्यक्रम और नीतियां मौजूद हैं, लेकिन इन्हें सही तरह से लागू नहीं किया जा रहा है। हांलाकि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की घोषणा और क्रियान्वयन से यह आस जगी थी कि अस्वस्थ भारत की तस्वीर बदल जाएगी परंतु ऐसा नहीं हुआ।

भारत की करीब तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है, पर जानकर यह आश्चर्य होता है कि भारत अपनी कुल जीडीपी का केवल 2 फीसदी हिस्सा ही स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च करता है, जो 143 करोड़ की आबादी वाले देश के लिए ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च का वैश्विक स्तर 6 फीसदी माना गया है, लेकिन नई स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुसार भारत 2025 तक स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च जीडीपी का 2.5 फीसदी करने का लक्ष्य रखा है। 6 फीसदी का आंकड़ा कब भारत हासिल करेगा कोई प्रस्तावित वर्ष नहीं बताया गया है। साफ है, स्वास्थ्य शायद भारत के राजनीतिक एजेंडा के में प्राथमिकता कभी नहीं रहा। यदि हम चीन और भारत के आर्थिक विकास की तुलना करें, तो चीन के आर्थिक विकास का कारण उसका स्वास्थ्य एवं शिक्षा में निवेश करना रहा है। भारत को भी नागरिकों को विश्व की स्पर्धा में आगे लाने के लिए उन्हें स्वास्थ्य-उपहार देना होगा।

2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने जब कार्यकाल संभाला तब उनको स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत के निरंतर खराब प्रदर्शन से दो-चार होना पड़ा। उनको यह पहले ही पता था कि भारत की तरक्की तभी सुनिश्चित की जा सकती है जब स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किया जाए। बहरहाल, दुनिया की बड़ी आर्थिक ताकत बनने जा रहे भारत में हेल्थ सेक्टर की बुनियाद ही कमजोर है। ऐसे में सरकार को एक ऐसी व्यवस्था बनानी होगी जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं तक सबकी आसान पहुंच हो और कम खर्च में इलाज हो सके।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



श्रीलंका का पुराना नाम सीलोन था जिसे बाद में लंका नाम दिया लेकिन कुछ समय के उपरांत इस नाम को सम्मान देने के लिए श्री शब्द जोड़ दिया गया और उसके बाद यह देश श्रीलंका नाम से जाना गया। हालांकि यह स्थान रामायण काल के अपने नाम लंका के लिए भी जाना जाता है।

हालात
पंकज चतुर्वेदी



# सिकुड़ती समुद्री तट चिंताजनक

केंद्र सरकार के वन यथा पर्यावरण मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल सेंटर फॉर कॉस्टल रिसर्च(एनसीसीआर) की एक ताजा रिपोर्ट चेतावनी दे रही है कि देश की समुद्री सीमा कटाव और अन्य कारणों के चलते सिकुड़ रही है और यह गंभीर पर्यावरणीय, सामाजिक, आजीविका के संकटों की जननी है। अकेले तमिलनाडु में राज्य के कुल समुद्र किनारों का कोई 42. 7 हिस्सा संकुचन का शिकार हो चुका है। हालांकि कोई 235. 85 किलोमीटर की तट रेखा का विस्तार भी हुआ है। जब समुद्र के किनारे कटते हैं तो उसके किनारे रहने वाले मछुआरों, किसानों और बस्तियों पर अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाता है। सबसे चिंता की बात यह है कि समुद्र से जहां नदियों का मिलन हो रहा है, वहां कटाव अधिक है और इससे नदियों की सेहत और बिगड़ सकती है। ओडिशा के छह जिलों बालासोर, भद्रक, गंजम, जगतसिंघपुर, पुरी और केन्द्रपाड़ा के लगभग 480 किलोमीटर समुद्र रेखा पर भी कटाव का संकट गहरा गया है। ओडिशा जलवायु परिवर्तन कार्य योजना 2021-2030 में बताया गया है कि राज्य में 36.9 फीसदी समुद्र किनारे तेजी से समुद्र में टूटकर गिर रहे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ़ केरल द्वारा किए शोध में बताया गया है कि त्रिवेन्द्रम जिले में पोदियर और अचुन्थंग के बीच के 58 किलोमीटर के समुद्री तट का 2.62 वर्ग किलोमीटर हिस्सा बीते 14 सालों में सागर की गहराई में समा गया। यह शोध बताता है की वर्ष 2027 तक कटाव की रफ्तार भयावह हो सकती है। वैसे इस शोध में एक बात और पता चली कि इसी अवधि में समुद्र के बहाव ने 700 मीटर नई धरती भी बनाई है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत काम करने वाले चेन्नई स्थित नेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबल कोस्टल मैनेजमेंट के आंकड़े बताते हैं की देश की कुल 6907 किलोमीटर की समुद्री तट सीमा है और बीते 28 सालों के दौरान हर जगह कुछ न कुछ क्षतिग्रस्त हुई ही है। देश में सर्वाधिक समुद्री तटीय क्षेत्र गुजरात में 1945.60 किमी है और यहां 537.50 किमी कटाव दर्ज किया गया है, आन्ध्र प्रदेश के कुल 1027.58 किमी में से 294.89, तमिलनाडु में 991.47 में से 422.94 किमी में कटाव देखा जा रहा हैं। पुदुचेरी जो कभी सबसे सुंदर समुद्र तटों के लिए विख्यात था, धीरे-धीरे अपने किनारों को खो रहा है। कोस्टल रिसर्च सेंटर ने देश में ऐसी 98 स्थानों को चिन्हित किया है जहां कटाव तेजी से है इनमें से सबसे ज्यादा और चिंताजनक 28 स्थान तमिलनाडु में हैं। उसके बाद पश्चिम बंगाल में 16 और आंध्र में 07 खतरनाक कटाव वाले स्थान हैं। पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 में तहत बनाए गए सीआरजेड में समुद्र में आए ज्वार की अधिकतम सीमा से 500 मीटर और भाटे के बीच के क्षेत्र को संरक्षित घोषित किया गया है। इसमें समुद्र, खाड़ी, उसमें मिलने आ रहे नदी के प्रवाह को भी शामिल किया गया है। ज्वार यानि समुद्र की लहरों की अधिकतम सीमा के 500 मीटर क्षेत्र को पर्यावरणीय संवेदनशील घोषित कर इसे एनडीजेड यानि नो डेवलपमेंट जोन घोषित किया गया। इसे सीआरजेड-1 भी कहा गया। वर्ष 1998 में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने राष्ट्रीय समुद्र तट क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण और इसकी राज्य ईकाइयों का भी गठन किया, ताकि सीआरजेड कानून को लागू किया जा सके, लेकिन ये सभी कागज पर ही रह गए।

# मन में कुछ विशेष पाने की इच्छा न रखें



संकलित
दर्शन

आध्यात्मिक मार्ग पर यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप किसी विशेष जगह पहुंचने का प्रयत्न न करें, क्योंकि जैसे ही आप कुछ विशेष पाना चाहेंगे, आपका मन 'वह विशेष स्थान' बनाने लगेगा। आप अपना खुद का निजी स्वर्ग ही बना लेंगे। आध्यात्मिक प्रक्रिया का अर्थ यह नहीं है कि आप वहम, मतिभ्रम के एक स्तर से निकल कर दूसरे स्तर पर पहुंच जाएं। यह इसलिए है कि आप अपने सारे वहम, सारे मतिभ्रम बिलकुल ही छोड़ दें, पूर्ण रूप से त्याग दें और वास्तविकता को उसी रूप में स्वीकार करें, जैसी वह है क्योंकि ये सारे प्रयत्न सत्य के बारे में हैं। सत्य का अर्थ है, जो अस्तित्व में है, न कि वह जो आप अपने मन में बना लेते हैं। हम अपने मन में भगवान या शैतान देख सकते हैं- दोनों का ही महत्व नहीं है। आप जो कुछ देखते हैं, वह आपकी संस्कृति पर निर्भर करता है, और उन चीजों पर भी जिनका अनुभव आपको हुआ है। जब आप लोगों को देखते हैं तो उनमें भगवान को देखते हैं या शैतान को- ये इस पर निर्भर करता है कि आप आशावादी हैं या निराशावादी। इसका संबंध वास्तविकता से नहीं होता। वास्तविकता तो ये है कि अभी आप यहां हैं और आपको ये भी नहीं पता कि आप किस कारण से यहां हैं, कहां से आए हैं और कहां जाएंगे? यही जीवन की वास्तविकता है। वास्तविकता के साथ जीना सीखना सबसे महत्वपूर्ण बात है। आप को कुछ और नहीं करना है। अगर आप अपने मन में चीजों को तोड़ना-मरोड़ना, बिगाड़ना बंद कर दे।


# ईश्वर हर जगह मौजूद



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक गांव में एक भला आदमी बेरोजगारी से दुखी था। यह देख एक चोर को उस पर दया आ गई। वह उस बेरोजगार आदमी के पास गया और बोला, मेरे साथ चलो, चोरी में बहुत सारा धन मिलेगा। आदमी बेकार बैठे-बैठे परेशान हो गया था। इसलिए वह उस चोर के साथ चोरी करने को तैयार हो गया। लेकिन अब समस्या यह थी कि उसे चोरी करना आता नहीं था। उसने साथी से कहा, मुझे चोरी करना आता तो नहीं है, फिर कैसे करूंगा। चोर ने कहा- तुम उसकी चिंता मत करो, मैं तुम्हें सब सिखा दूंगा। अगले दिन दोनों रात के अंधेरे में गांव से दूर एक किसान का पका हुआ खेत काटने पहुंच गए। वह खेत गांव से दूर जंगल में था, इसीलिए वहां रात में कोई रखवाली के लिए आता जाता न था। लेकिन फिर भी सुरक्षा के लिहाज़ से उसने अपने नए साथी को खेत की मुंडेर पर रखवाली के लिए खड़ा कर दिया और किसी के आने पर आवाज लगाने को कहकर खुद खेत में फसल चोरी करने पहुंच गया। नए साथी ने थोड़ी ही देर में अपने साथी को आवाज लगाई, भाई जल्दी उठो, यहां से भाग चलो, खेत का मालिक पास ही खड़ा देख रहा है। चोर ने जैसे ही अपने साथी की बात सुनी वह फसल काटना छोड़ उठकर भागने लगा। कुछ दूर जाकर दोनों खड़े हुए तो चोर ने साथी से पूछा, मालिक कहां खड़ा था? कैसे देख रहा था? नए चोर ने सहजता पूर्वः जवाब दिया, मित्र! ईश्वर हर जगह मौजूद है। मेरी आत्मा ने कहा, ईश्वर यहां भी मौजूद है और हमें चोरी करते हुए देख रहा है। इस स्थिति में हमारा भागना ही उचित था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जी-20 की बैठक की सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद

जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में जी-20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की बैठक का आगाज हुआ। तीन दिन तक चलने वाली बैठक में सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। कश्मीर की वादियों में जहर घोलने वाले आतंकवादियों को भय व्याप्त है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोई कोताही नहीं बरती गई है। कई दिनों की तैयारी के बाद आज इस बैठक की शुरुआत के बाद दहशत दिल में समाई हुई है। आतंकवादियों का कोई भरोसा नहीं है। आतंकी कहीं से गोलियां चला देते हैं। किसी का अपहरण भी किया जा सकता है। इसके लिए आतंकियों के सभी मंसूबे धराशायी किए गए हैं। कमांडों की डकझील के तट पर निगरानी और पानी के अंदर कोई पदार्थ रखे जाने की बात को गहराई से ली जा रही है। ग्रेनेड हमले की कोई आशंका नहीं है। लोगों में इस बात का भय है कि दूर दराज पहाड़ों के बीच रहने वाले नागरिकों को निशाना बनाकर अपहरण किया जा सकता है। *– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### पूर्व चेतावनी प्रणाली ईजाद हो



मौसम संबंधी आपदाओं से आर्थिक नुकसान में वृद्धि हुई है, लेकिन बेहतर चेतावनियों और आपदा प्रबंधन के कारण इन घटनाओं में मरने वालों की संख्या में भारी कमी आई है। संयुक्त राष्ट्र इस काम कर रहा है कि पूर्व चेतावनी प्रणाली उपलब्ध हो।
-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### हम हैरान हैं



राष्ट्रपति महोदय, यूक्रेन के लोग किसका बचाव कर रहे हैं और आपने क्या हासिल किया है, यह पूरी दुनिया के लिए देखने का विषय है। मैं अमेरिका के लिए बोलता हूं जब मैं कहता हूं कि आपने अब तक जो कुछ किया है उससे हम हैरान हैं।
-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### सत्यनिष्ठ रहें



यथार्थवादी एवं सत्यनिष्ठ रहें। हर परिस्थिति में सार्थक सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। स्वस्थ पवित्र मन ही सुख शान्ति और आनंद का स्रोत है। सच्ची प्रगति के लिए लक्ष्य के प्रति जागरूक रहें व आध्यात्मिक प्रयासों को सक्रियता प्रदान करें।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### न्यायालय संज्ञान ले



पुलिसिया गुंडागर्दी चरम पर। मनीष सिसौदिया की गर्दन पकड़कर खींचता हुआ ये पुलिस अधिकारी अपने आका को खुश करने के चक्कर में भूल गया की न्यायालय इसकी नौकरी भी ले सकता है। मा. न्यायालय इस घटना का संज्ञान ले।
-संजय सिंह, आप सांसद

## करंट अफेयर

# इस कारण ऑस्ट्रेलियाई सड़क का नाम हुआ 'लिटिल इंडिया'

ऑस्ट्रेलिया में एक सड़क का नाम बदलकर 'लिटिल इंडिया' कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने मंगलवार को विशेष सामुदायिक कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी की मौजूदगी में इसका ऐलान किया। हैरिस पार्क पश्चिमी सिडनी में एक केंद्र है, जहां भारतीय समुदाय दिवाली और ऑस्ट्रेलिया दिवस जैसे त्योहारों और कार्यक्रमों का जश्न मनाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया कि मुझे अहमदाबाद में प्रधानमंत्री अल्बनीज भारतीय जमीन पर स्वागत करने का अवसर मिला था। आज यहां 'लिटिल इंडिया' की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में वह मेरे साथ हैं। सिटी ऑफ पेरामेटा ने अपनी वेबसाइट पर लिखा है कि हैरिस पार्क एक



संपन्न, गतिशील, बहुसांस्कृतिक केंद्र है, जो संस्कृतियों और बड़ी भारतीय आबादी के मिश्रण के लिए जाना जाता है। उसने कहा कि लिटिल इंडिया के रूप में चर्चित, हैरिस पार्क में विग्राम, मैरियन और स्टेशन स्ट्रीट पर 20 से अधिक खाने-पीने की जगहें हैं। यहां पर रंग-बिरंगी साड़ियां, चमकदार चूड़ियां और भारतीय मसाले बेचने वाली दुकानें हैं, जो आपको ऐसी अनुभूति कराएंगे कि आप सीधे मुंबई पहुंच गए हैं। हैरिस पार्क को 'लिटिल इंडिया' नाम दिए जाने के लिए पीएम मोदी ने अल्बनीज को धन्यवाद दिया।

## ऑफ बीट

# ट्रंप पर जिसके कारण लगा था जुर्माना, उसी ने फिर घसीटा

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर जिस पूर्व अमेरिकी कॉलमनिस्ट ई जीन कैरोल ने 1990 के दौर में यौन शोषण करने का आरोप लगाया था और



उसी आरोप पर अमेरिकी जूरी ने 50 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया है, उसी महिला पत्रकार ने अब पूर्व राष्ट्रपति पर उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया है और नए हर्जाने की मांग की है। 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी के प्राथमिक उम्मीदवार ने न्यूयार्क की अदालत से दोषी ठहराए जाने के बाद अमेरिकी चैनल CNN पर कहा कि एले मैग्जीन की पत्रकार की हरकत अजीब है।कैरोल के वकीलों ने तर्क दिया कि ट्रम्प का यह बयान कि उनकी क्लाइंट कैरोल एक "बनाई-बनाई कहानी" कह रही हैं और वह उसे नहीं जानते-एक अपमानजनक बयान है। ट्रम ने कहा था, 'यह घटिया और हास्यास्पद कहानी है। यह पूरी तरह मनगढ़ंत है, इसमें कोई सच्चाई नहीं है।' कैरोल के वकीलों के आरोप के जवाब में, ट्रंप के वकीलों ने 2019 के मानहानि के मुकदमे में एक संशोधित शिकायत दर्ज करवाई है। कैरोल भी इस मामले में संशोधित शिकायत दर्ज करवा चुकी हैं और इसी मामले में नया हर्जाने की मांग की गई है। इस शिकायत पर सुनवाई अभी लंबित है।

## एक नज़र



## दुनिया के बेहतरीन होटलों की सूची जारी, रामबाग पैलेस सबसे पसंदीदा होटल

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। राजस्थान में जयपुर स्थित रामबाग पैलेस दुनिया भर में आगंतुकों का सबसे पसंदीदा होटल चुना गया है। यात्रा संबंधी सेवाएं देने वाली वेबसाइट ट्रिप एडवाइजर ने यह सूची जारी की है। इस सूची में करीब 190 साल पुराने महल से होटल में तब्दील किया गया रामबाग पैलेस शीर्ष स्थान पर है। इंडियन होटल्स कंपनी के अधीन संचालित होने वाले इस होटल को आतिथ्य क्षेत्र में 'ज्वेल ऑफ जयपुर' भी कहा जाता है। मालदीव का ओजेन रिजर्व बोलिफुशी होटल दूसरे, जबकि ब्राजील के ग्रामादो स्थित होटल कोलिन डि फ्रांस तीसरे स्थान पर है। ट्रिप एडवाइजर के ट्रैवलर्स चॉइस अवॉर्ड, 2023 में रामबाग पैलेस होटल को दुनिया का सबसे आलीशान होटल भी चुना गया है। यह पुरस्कार वेबसाइट पर आगंतुकों की तरफ से की गई टिप्पणियों के आधार पर दिया जाता है।

**योजना भवन में ख़ज़ाना मिलने का मामला**

## वेदप्रकाश की रिमांड बढ़ी एसीबी को कर रहा गुमराह



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। योजना भवन के बेसमेंट में खजाना मिलने के मामले में आरोपी वेदप्रकाश यादव की रिमांड अवधि दो दिन के लिए बढ़ गई है। एसीबी ने यादव को बुधवार को कोर्ट में पेश कर तीन दिन का रिमांड मांगा। जिस पर कोर्ट ने उसे दो दिन की रिमांड पर रखने का आदेश दिया है।

डीओआईटी के निलंबित जॉइंट डायरेक्टर वेदप्रकाश ने एसीबी के अधिकारियों को बताया है कि विभाग ने गत 5 सालों में जो भी खरीदारी की है, उन सभी में वह शामिल रहा है और टेंडर स्वीकृति दिलाने में उसने कंपनियों की मदद भी की है। अब एसीबी उन कंपनियों के और उनके प्रतिनिधियों के नाम तलाश रही है जो वेदप्रकाश से मिले हुए हैं। वैसे, एफएसएल की जांच में उसके मोबाइल, कम्प्यूटर और लैपटॉप से सारे राज खुल सकते हैं। एसीबी के अधिकारियों का कहना है कि वेदप्रकाश हमें बार बार गुमराह कर रहा है और जांच में सहयोग करने के बजाय अपने बयान बदल रहा है। वह या तो जानकारी देने के लिए मुंह नहीं खोलता है और एसीबी को कुछ बता भी रहा है तो वह लिखित में नहीं दे रहा है। ऐसे में एसीबी वेदप्रकाश से कुछ खास तथ्य नहीं जुटा पा रही हैं। हालांकि, कुछ फर्म से जुड़े लोगों के मौखिक रूप से नाम उसने लिए हैं, जिनके बारे में एसीबी जानकारी जुटा रही है। बता दें, योजना भवन के डीओआईटी विभाग के बेसमेंट से 19 मई को एक अलमारी से 2 करोड़ 31 लाख की नकदी और एक किलो सोना बरामद हुआ था।

## ब्लड बैंक के स्थापना दिवस पर रक्तदान




**जयपुर**। राजस्थान में स्वैच्छिक और सुरक्षित रक्तदान 100 प्रतिशत हो इसके लिए युवाओं को आगे आना होगा। ऐसा होने पर जरूरत के वक्त मरीज के परिजनों को एवज में रक्तदान नहीं करना पड़ेगा। यह विचार स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. एसएस अग्रवाल ने बैंक के 29वें स्थापना दिवस पर रखे। उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र के पहले और राजस्थान में पहले स्टेंड अलोन एनएबीएच एक्रीडिएशन वाले बैंक में विभिन्न शिविरों व ब्लड बैंक में रक्तदान से अब तक 6 लाख से ज्यादा यूनिट रक्त एकत्र किया है। हर पुरुष व स्त्री स्वयं एक ब्लड बैंक है। समारोह में भाजपा के ओम प्रकाश माथुर, राजस्थान विधानसभा में विपक्ष उपनेता सतीश पूनियां, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा व राज्यसभा सांसद नारायण लाल पंचारिया उपस्थित रहे।

# ग़रीबी, भुखमरी, बेरोज़गारी से मुक्ति मिलनी चाहिए: गडकरी

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि अगले साल के आखिर तक राजस्थान की सड़कें अमेरिका जैसी बना दी जाएंगी, जिससे यह प्रदेश सुखी, समृद्ध एवं संपन्न बनेगा। हनुमानगढ़ जिले के पक्का सारणा गांव में एक उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि गांव को सुखी समृद्ध बनाना ही हम सबका मकसद है।

गडकरी ने कहा कि वह अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की बात अक्सर दोहराते हैं, जिन्होंने कहा था, अमेरिका धनवान है इसके कारण अमेरिका के रास्ते (सड़कें) अच्छे नहीं हुए, बल्कि अमेरिका के रास्ते अच्छे हैं इस कारण अमेरिका धनवान है। गडकरी ने कहा कि हम राजस्थान के रास्ते (सड़कें) 2024 समाप्त होने से पहले अमेरिका की तरह बनाकर देंगे, यह वचन मैं आपको देता हूं। इन रास्तों के कारण राजस्थान भी एक सुखी, समृद्ध एवं संपन्न प्रदेश बनेगा।



### 7 आरओबी का लोकार्पण एवं शिलान्यास

गडकरी ने कहा कि गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी से मुक्ति मिलनी चाहिए। किसान के खेत को पानी मिलना चाहिए, युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए, देश का आयात बंद होना चाहिए, देश का निर्यात बढ़ना चाहिए और देश का किसान अन्नदाता, ऊर्जादाता और बिटुमिनस दाता बनकर लखपति करोड़पति बन जाएं। गांव समृद्ध व संपन्न बनें। यही काम हम करने की कोशिश कर रहे हैं। गडकरी ने 2050 करोड़ रुपए की लागत की छह राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और सेतुबंधन परियोजना के अंतर्गत सात रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

### सहूलियत के मुताबिक सड़कों का निर्माण

गडकरी ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में आपकी सहूलियत के मुताबिक ही सड़कों का निर्माण किया। चाहे दिल्ली से जयपुर हो, दिल्ली से कटरा हो, दिल्ली से मुंबई हो। ऐसे कई हाईवे और एक्सप्रेस वे हैं, इनसे पंजाब-हरियाणा का पूरा ट्रैफिक यहां से होकर गुजरेगा।

**'तारंगना 23': गहलोत बोले- पायलट मामला मीडिया की उपज**

# महिलाओं को संसद में मिले 30 प्रतिशत आरक्षण: CM

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि संसद में महिलाओं के लिए तीस प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में इसे लेकर प्रयास हुए थे, लेकिन लोकसभा में पारित होने के बाद राज्यसभा में इस बिल को रोक दिया गया। गहलोत ने कहा कि एक सशक्त, शिक्षित एवं स्वावलम्बी महिला देश की प्रगति में भागीदार बनती है। बुधवार को बिड़ला सभागार में सखी गुलाबी नगरी संस्था के 'तारंगना 23' समारोह में गहलोत ने कहा कि किसी भी संस्था की कमान अगर महिला के हाथ में हो, तो उसका भविष्य उज्ज्वल है। देश में पहली बार महिलाओं को सत्ता में भागीदारी देने का मार्ग पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा प्रशस्त किया गया था। राजीव गांधी ने पंचायती राज एवं नगर निगम में महिलाओं को आरक्षण देने का प्रावधान किया था, जिसके फलस्वरूप आज महिलाएं सरपंच, प्रधान, जिला प्रमुख तथा मेयर आदि पदों पर निर्वाचित हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के दृढ़ निश्चय और निर्णयों को भी महिलाओं के लिए प्रेरणादायी बताया।




### हमारी योजनाओं के केंद्र में महिलाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं को केंद्र में रखकर कई महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं। राज्य सरकार ने 1.35 करोड़ चिरंजीवी परिवारों का मुखिया भी महिलाओं को बनाया है। आज सरकारी नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण दिया जा रहा है। रोडवेज बसों से सफर करने पर महिलाओं को 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उन्हें आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए अर्बन महिला को-ऑपरेटिव बैंक की शुरुआत की जा रही है। वृद्ध, विधवा एवं एकल नारी को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। गहलोत ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए राज्य में डेढ़ करोड़ महिलाओं को तीन साल के इंटरनेट डाटा युक्त निःशुल्क स्मार्टफोन चरणबद्ध रूप से दिए जाएंगे। रक्षा बंधन पर पहले चरण में 40 लाख महिलाओं को निःशुल्क स्मार्टफोन दिए जाएंगे।

### कर्नाटक के नतीजे करारा जवाब

गहलोत ने मीडिया से पीएम मोदी के 31 मई को होने वाले अजमेर दौरे को लेकर कहा कि अब राज्य में चुनाव हैं, लिहाजा मोदी राजस्थान में आते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी छोटे-छोटे चुनाव में जाते हैं। हैदराबाद के नगर निगम चुनाव में अमित शाह ने जाकर रोड शो किया था। सीएम ने कहा कि हाल में आए कर्नाटक के नतीजों में जनता ने बीजेपी को करारा जवाब दे दिया है।

**होटलों में विद्युत कटौती का मामला**

## मंत्री के दख़ल के बाद आदेश लिए वापस

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। प्रदेश के पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह द्वारा ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखना रंग लाया। इस पत्र के बाद जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने होटलों व अन्य पर्यटन इकाइयों की औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत कटौती के आदेश वापस ले लिए हैं। मंत्री ने होटलों में 10 घंटे बिजली कटौती को लेकर नाराजगी जताते हुए ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी को पत्र लिखा था। मंत्री ने पत्र में पर्यटन व्यवसाय को आवश्यक सेवा मानते हुए होटलों को पीक डिमांड की 5% बिजली उपयोग करने की पाबंदी से मुक्त रखने की मांग की थी। मंत्री विश्वेंद्र ने पत्र में कहा था कि पर्यटन एक 'लार्जर पब्लिक इंटरेस्ट' का विषय है एवं सेवा क्षेत्र है, जिसमें पर्यटकों के 24 घंटे सेवाएं दी जाती हैं। परंतु फैक्टरी और होटल एक नहीं हैं। फैक्टरी में मैन्युफैक्चरिंग होती है, जिसे रात के समय बंद किया जा सकता है, लेकिन होटल्स में पर्यटक रूकते हैं, जहां पर्यटकों के लिए रात को भी बिजली होना जरूरी है। ऐसे में यदि होटलों में बिजली नहीं रहेगी तो वहां रूकेगा कौन। उन्होंने पर्यटन व्यवसाय को आवश्यक सेवा मानते हुए होटलों व अन्य इकाइयों को इस पाबंदी से मुक्त रखने की मांग की थी।

**ACS ने किया अस्पतालों का निरीक्षण**

## चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ के रिक्त पद तत्काल भरे जाएं

हिलव्यू समाचार
जयपुर। अस्पतालों में चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ के जो पद रिक्त हैं, वहां स्थायी भर्ती से नियुक्ति होने तक यूटीबी बेसिस एवं रिटायर्ड चिकित्सकों की नियुक्ति की संभावना का परीक्षण कर तत्काल भरा जाए।

मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के पैकेजेज का लाभ शत-प्रतिशत लाभार्थियों तक पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाए। यह बात चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग शुभ्रा सिंह ने कहीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बजट घोषणाओं के तहत नव क्रमोन्नत व नव घोषित चिकित्सा संस्थानों के लिए मानकों के अनुरूप आवश्यक भवन, चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ सहित आवश्यक संसाधनों की तत्काल कार्य योजना बनाकर लागू करें।



उन्होंने अस्पतालों में दवाओं के स्टॉक, चिरंजीवी हेल्प डेस्क, मेल- फीमेल वार्ड, लेबर रूम आदि का निरीक्षण किया और ओपीडी एवं आईपीडी में सेवाओं की जानकारी भी ली।

**मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

## कुक कम हेल्पर ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। प्रदेश के राजकीय स्कूलों और मदरसों में कार्यरत कुक कम हेल्पर्स ने मंगलवार को शहीद स्मारक पर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

कुक कम हेल्पर समिति की प्रदेश संयोजक इंद्रा देवी ने बताया कि प्रदेश में एक लाख से अधिक कुक कम हैल्पर पिछले 22 वर्षों से कार्यरत हैं। लेकिन सरकार ने सबसे कम वेतन तय किया हैं, जिससे परिवार के पालन-पोषण में भी संकट पैदा हो रहा है। कुक कम हेल्पर समिति बैनर तले हेल्पर्स ने मंगलवार को प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री कार्यालय और शिक्षा सचिव को ज्ञापन सौंपा।

हेल्पर्स ने फुल टाइम जॉब करने, 15 प्रतिशत मानदेय बढ़ाने, दूध गर्म करने के 1500 रुपये प्रतिमाह करने, समय पर मानदेय देने, कर्मचारियों का सामूहिक बीमा कराने, पोषक कीटों को उपलब्ध कराने, नियमितीकरण करने, वृद्धावस्था पेंशन शुरू करने, मेडिकल सुविधा देने, छुट्टियों में सवैतनिक अवकाश देने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

**पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को किया याद**

# आज लोकतंत्र ख़तरे में, इसे बचाने के लिए आगे आएं

हिलव्यू समाचार
जयपुर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस ने बीजेपी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज की शक्तियां लोकतंत्र को खत्म कर रही है, लेकिन राजीव गांधी और इंदिरा गांधी के सपने को साकार करते हुए लोकतंत्र को बचाना होगा। पीसीसी में सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजीव गांधी की दूर दृष्टि थी कि उन्होंने 18 साल के युवा को मताधिकार दिया। राजीव गांधी ने एससी-एसटी को राजनीति में भागीदारी और महिलाओं को राजनीति का अधिकार दिया। विपक्ष पर तंज कसते हुए सीएम गहलोत ने कहा कि राजीव गांधी 21वीं सदी की बात करते थे, तब विपक्ष हंसी उड़ाता था, लेकिन आज उन्हीं की बदौलत देश में कम्प्यूटर क्रांति है। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भाखड़ा नागल बांध बनाया, तब भी भाजपा वाले मजाक बनाते थे, लेकिन भाखड़ा नागल बांध के क्या मायने हैं आज ये सबको पता है। पीएम मोदी दुनिया में जाते हैं तो लोग उन्हें कहते है कि आप गांधी के देश से आए हैं। गांधी परिवार ने देश के लिए बहुत कुछ किया है। भारत और पाकिस्तान एक साथ स्वतंत्र हुए थे, लेकिन आज पाकिस्तान कहां पर है? इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कांग्रेस की सरकारों ने देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। देश के लिए इंदिरा गांधी और राजीव गांधी शहीद हो गए। गांधी परिवार का कोई सदस्य 35 साल से न पीएम बना और ना केंद्र में मंत्री बना है।



### राजीव ने रखी नए युवा भारत की बुनियाद

राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर एनएसयूआई एलुमिनाई राजस्थान के तत्वावधान में 'राजीव गांधी के स्वप्न एवं आज का भारत' विषय पर गोष्ठी आयोजित हुई। विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री कल्ला रहें। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कल्ला ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने संचार क्रांति, पंचायत राज, नई शिक्षा नीति जैसे अहम कदमों से नए युवा भारत की बुनियाद रखी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी पं नेहरू, इंदिरा गांधी राजीव गांधी जैसे महान नेताओं के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस जन विचारधारा के आधार पर मजबूत होकर काम करें।

## सरकार ने माँगे पूरी नहीं की तो फिर बैठेंगे पटरी पर

# आरक्षण आंदोलन की बरसी पर गुर्जर समाज ने भरी हुंकार

**हिलव्यू समाचार**
**भरतपुर**। गुर्जर आरक्षण आंदोलन की मंगलवार को 15वीं बरसी के मौके पर गुर्जर समाज ने एक फिर हुंकार भरते हुए राज्य सरकार को चेताया।

बयाना के पीलूपुरा में आयोजित कार्यक्रम में विजय बैंसला सहित समाज के कई नेता और बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल हुए। इस दौरान मीडिया से बातचीत में गुर्जर नेता विजय बैंसला ने कहा कि अभी तक राजस्थान सरकार ने समाज की कई मांगें पूरी नहीं की हैं। अभी तक प्रक्रियाधीन भर्ती और बैकलॉग जैसे कई मामले पेंडिंग हैं। इन सभी मांगों को लेकर 25 या 26 मई को सरकार के साथ वार्ता है। हमें उम्मीद है कि सरकार के साथ सकारात्मक बात होगी और सरकार जल्द ही मांगें पूरी करेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि समाज की मांगे पूरी नहीं हुई तो समाज फिर से सड़क और पटरी पर बैठ सकता है। गुर्जर समाज के लोगों ने मंगलवार को पीलूपुरा शहीद स्थल पहुंचकर श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गुर्जर नेता विजय बैंसला और अन्य लोग यहां धरना दे रहे 372 रीट अभ्यर्थियों से भी मिले। विजय बैंसला ने कहा कि अभी तक वर्ष 2013 से 2018 तक की भर्ती के बैकलॉग का मामला, प्रक्रियाधीन भर्तियों में 5 फीसदी आरक्षण, 35 फीसदी शिथिलता का मामला जैसी मांगे अधुरी है। उन्होंने कहा कि अब फिर से 25 या 26 मई को सरकार के साथ वार्ता होने वाली है।

विजय बैंसला ने कहा कि एक बार सरकार के साथ वार्ता हो जाए। उसके आधार पर आगे की रणनीति तय करेंगे। विजय बैंसला ने बताया कि 30 मई को कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रतिमा का कोटा में अनावरण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे।



### स्मारक विकास के लिए दिए 18 लाख

कार्यक्रम में विधायक अमर सिंह जाटव ने गुर्जर समाज के लोगों की मांग पर स्मारक स्थल के भौतिक विकास और ओपन हॉल निर्माण के लिए विधायक निधि से ₹18 लाख देने की घोषणा की, लेकिन लोगों के यह कहने पर कि नेता घोषणा करके भूल जाते हैं, इस पर कुछ देर के लिए सभा में हंगामे की नौबत बन गई। इस पर विधायक ने सभा में ही विधायक कोटे से राशि जारी करने का अभिशंषा पत्र सौंपा।

### मुद्दे पुरजोर तरीके से रखने का आह्वान

पीलूपुरा गुर्जर आरक्षण आंदोलन की 15वीं बरसी पर बयाना-हिंडौन स्टेट हाईवे स्थित स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजय बैंसला सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गुर्जर समाज के सैकड़ों लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही 2 मिनट का सामूहिक मौन रखकर आंदोलन में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजित हुई सभा में रीट 2018 भर्ती में बाकी 4 फीसदी आरक्षण मिलने के बाद एमबीसी वर्ग के लिए रिजर्व रखे गए 372 पदों पर नियुक्ति का मुद्दा भी जोर-शोर से उठा। अधिकतर वक्ताओं ने अपने सम्बोधन में इस मुद्दे को लेकर सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए एक बार फिर से आंदोलन करने की बात कही। वक्ताओं ने सामाजिक एकता दिखाते हुए सरकार के समक्ष मुद्दे को पुरजोर तरीके से रखने की बात भी कही। कार्यक्रम में बच्चू सिंह बंशीवाल और ग्यारसाराम कोली, कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष शेरसिंह सूपा, मंडी समिति के पूर्व चेयरमैन देवीसिंह बुढ़वार, आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष भूरा भगत, पूर्व सरपंच श्रीराम बैसला, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि दीवान शेरगढ़, पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष बलराम कांवर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ज़हरखुरानी का खुलासा: 2 किलो 741 ग्राम सोना बरामद

# 3.100 किग्रा सोना चोरी के दो आरोपी दिल्ली-यूपी से दबोचे

**हिलव्यू समाचार**
**जोधपुर**। जिले की शास्त्री नगर थाना पुलिस ने जहरखुरानी की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को पुलिस ने धर-दबोचा। जानकारी के अनुसार 3 किलो 100 ग्राम सोना चोरी के मामले में आरोपी रागिव अली (48) पुत्र यूनुस अली निवासी थाना सहसवान जिला बदायूं उत्तर प्रदेश और अब्बास (40) पुत्र केशर अब्बास निवासी थाना वेलकम उत्तर पूर्वी दिल्ली को गिरफ्तार किया है।

रागिव अली के पास से 1 किलो 334 ग्राम सोना और अब्बास के पास से 1 किलो 407 ग्राम सोना भी बरामद किया गया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर सात दिन का पुलिस रिमांड पर लिया है। डीसीपी वेस्ट गौरव यादव ने बताया कि 10 मई को फलोदी निवासी सर्राफा व्यापारी जितेंद्र सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि उसके यहां 2-3 साल से काम कर रहा महेंद्र सिंह 9 मई को जयपुर के जौहरी बाजार से दुकान का 3100 ग्राम सोना लेकर बस से आ रहा था। रास्ते मे उससे बात हुई तो उसने सोना लेकर आना बताया।

जब महेन्द्र जोधपुर में कल्पतरु शॉपिंग सेंटर पर बस से उतरा और उसकी महेंद्र से बात हुई तो उसने सोना चोरी हो जाने की जानकारी दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए जोधपुर कमिश्नर रवि दत्त गौड़ के निर्देश पर डीसीपी गौरव यादव की ओर से एडीसीपी हरफूल सिंह व एसीपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़ के सुपरविजन और एसएचओ शास्त्री नगर जोगेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर वारदात का खुलासा करने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने बताया कि पीड़ित व्यापारी की ओर से अपने ही कर्मचारी पर सोना खुर्द बुर्द करने का आरोप लगाया गया था।



### बिस्किट खिलाने पर हुआ बेहोश

कर्मचारी महेंद्र सिंह को डिटेन कर पुलिस ने पूछताछ की। इसमें महेंद्र ने बताया कि 9 मई को जयपुर के जौहरी बाजार से 3100 ग्राम सोना लेकर वह जोधपुर के लिए रवाना हुआ। सिंधी कैंप बस स्टैंड से दो व्यक्ति जोधपुर चलने की बात कहते हुए उसके साथ टैक्सी में बैठे। उसके बाद तीनों डबल स्लीपर बस में उसके साथ बैठ गए। उन्होंने अपना नाम अब्बास व राघव बताया। रास्ते में उन्होंने उसे बिस्किट खिलाया। जिसके बाद वह बेहाश हो गया। जोधपुर पहुंचने पर बस के खलासी ने झिंझोड़ कर उसे जगाया। इसके बाद उसे अपने पास रखा सोना गायब मिला।

### जयपुर से जैतारण तक के कैमरे खंगाले

जहरखुरानी की आशंका को देखते हुए एसीपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़ व एसएचओ जोगेंद्र सिंह ने थाना शास्त्री नगर से जयपुर टीम भेज कर महेंद्र सिंह के बताए अनुसार सिंधी कैंप बस स्टैंड से जैतारण तक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। लेकिन आरोपियों के बारे में जयपुर से आगे का पता नहीं चल पा रहा था। इस पर अतिरिक्त टीम भेजी गई। टीम ने परंपरागत और आधुनिक पुलिसिंग का प्रयोग करते हुए जयपुर पुलिस के सहयोग से संदिग्धों के रहने के स्थान का पता कर उनको ट्रेस किया। उसके बाद उत्तर प्रदेश और दिल्ली से आरोपी रागिव अली व अब्बास को 2 किलो 741 ग्राम सोने के साथ डिटेन किया गया। 10 दिनों तक पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे और तकनीकी साधनों के आधार पर आरोपियों का करीब 2000 किलोमीटर तक पीछा कर गिरफ्तार किया गया।

## एक नज़र

### भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, लाठी-गोलियां चली



**हिलव्यू समाचार**
**अलवर**। जिले के भिवाड़ी इलाके में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस बीच जमकर लाठियां बरसीं और फायरिंग की गई। जानकारी के मुताबिक भिवाड़ी के फेज थर्ड थाना इलाके के बनबन गांव सांथलका में बुधवार दोपहर 12 बजे दो पक्ष एक जमीन को लेकर आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई और इसके बाद गुस्साए एक पक्ष के लोगों ने फॉर्च्यूनर कार को आग के हवाले कर दिया। मारपीट के बीच 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें टपूकड़ा सीएचसी में भर्ती करवाया गया है। जानकारी में सामने आया कि आरोपियों की ओर से जमीन पर कब्जे की कोशिश के दौरान कुछ महिलाओं के विरोध करने पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास भी किया गया। इसके चलते कई महिलाएं घायल हो गईं। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।


भिवाड़ी के खिजुरिवास गांव के रहने वाले पूर्ण सिंह यादव ने जानकारी दी कि उनके तीन भाइयों की बनबन गांव में करीब 100 बीघा से ज्यादा जमीन है। इसके कुछ हिस्से को लेकर वहां से स्थानीय पार्षद से जुड़े लोग अपना दावा जता रहे हैं। बुधवार दोपहर को करीब 4 से 5 गाड़ियों में ये लोग बनबन गांव पहुंचे और वहां काम कर रही महिलाओं से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने महिलाओं को गाड़ी से रौंदने का भी प्रयास किया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 पर भीषण हादसा

# ट्रक के ब्रेक लगाते ही टकराई कार, 3 की मौत व आठ घायल

**हिलव्यू समाचार**
**अजमेर**। जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र में हाईवे पर रविवार देर रात हुए भीषण हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई वहीं आठ लोग घायल हो गए। कार सवार सभी लोग जयपुर गए थे जो वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। जानकारी के अनुसार हादसा हाईवे पर आगे चल रहे तेज रफ्तार ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से हुआ। ट्रक के ब्रेक लगाते ही पीछे चल रही ईको कार उसमें जा घुसी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अजमेर के जेएलएन अस्पताल भिजवाया। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 पर बाड़ा बावड़ी गांव के पास हुआ। श्रीनगर थानाधिकारी राजेश मीणा ने बताया कि देर रात बाड़ा बावड़ी के पास हाईवे पर दुर्घटना की सूचना मिली। इस पर वे जाब्ते के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। मौके पर ईको कार दुर्घटनाग्रस्त व उसमें सवार लोग घायल अवस्था में थे। सभी को जेएलएन अस्पताल भिजवाया गया। वहीं एक घायल व्यक्ति को किशनगढ़ ले जाया गया था। मृतक के रिश्तेदार राजकमल ने बताया कि टांटोटी निवासी ज्ञानचंद जैन अपनी पत्नी, बेटियों और दोहितियों के साथ जयपुर गए थे। वापस लौटते समय श्रीनगर के पास यह हादसा हो गया।



इससे 6 साल की मासूम हृदया, 62 वर्षीय ज्ञानचंद और कार चालक भागचंद को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं मृतक ज्ञानचंद की पत्नी मंजू, बेटी रसना, रेखा, राखी, दोहिती 12 वर्षीय अंजना, 6 वर्षीय आरोही, 3 वर्षीय अनाया व मासूम बच्ची लक्ष्मी घायल हुए हैं।

कार सवार घायल युवती रसना ने बताया कि पूरा परिवार जयपुर से टांटोडी जा रहा था। सभी लोग नींद में थे। सिर्फ एक व्यक्ति कार में जाग रहा था। उसने बताया कि आगे वाला ट्रक ओवरस्पीड में था। अचानक से उसने ब्रेक लगा दिए। इसके बाद हमारी गाड़ी उससे भिड़ गई।

## सत्यपाल मलिक का आरोप

# लोकसभा 2019 का चुनाव सैनिकों की लाशों पर लड़ा

**अलवर (हिलव्यू समाचार)**। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने पुलवामा मामले में एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2019 का लोकसभा चुनाव सैनिकों की लाशों पर लड़ा गया। अगर इस मामले में जांच होती तो तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह को इस्तीफा देना पड़ता। उन्होंने घटना के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सूचित किया था, लेकिन प्रधानमंत्री ने उन्हें चुप रहने के लिए कहा था। मलिक ने बानसूर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ये बात कही। जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल रहने के दौरान दो फाइल को मंजूरी देने के लिए रिश्वत के रूप में 300 करोड़ रुपए की पेशकश के अपने दावे के संबंध में उन्हें हाल में सीबीआई जांच का सामना करना पड़ा है। उन्होंने उद्योगपति गौतम अडाणी के मुद्दे को लेकर भी प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गौतम अडाणी ने तीन साल में इतनी दौलत जमा कर ली कि देश के सबसे अमीर व्यक्ति हो गए।

## प्रधानमंत्री का राजस्थान दौरा

# अजमेर में प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा से पहले भाजपा ने किया भूमि पूजन

**हिलव्यू समाचार**
जयपुर/अजमेर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 31 मई को कायड़ विश्राम स्थली में होने वाली जनसभा को लेकर प्रदेश भाजपा तैयारियों में जुटी है। मोदी की जनसभा से पहले बुधवार को भाजपा नेता कायड़ विश्राम स्थली पर पहुंचे और पूजा अर्चना कर भूमि का शुद्धिकरण व आगामी कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रार्थना की। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी आदि ने पूजन किया।



### जोशी ने श्रीराम मंदिर से लेकर धारा 370 जैसे काम गिनाएं

प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लगातार 9 वर्ष का ऐतिहासिक कार्यकाल पूर्ण हुआ है। प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि 500 वर्षों से अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने का इंतजार लोग कर रहे थे। पीएम मोदी के कार्यकाल में वह इंतजार लोगों का खत्म हो गया। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की नींव, 370 का अभिशाप भी मोदी सरकार ने ही हटाया। उन्होंने कहा कि जो काम 60 सालों में नहीं हुआ वह केंद्र की मोदी सरकार ने सिर्फ 9 वर्ष में कर दिखाया। केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि मनरेगा, उज्जवला गैस सब्सिडी, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा सहित कई योजनाएं ऐसी हैं जिनका पैसा सीधा लाभार्थी के खाते में पहुंच रहा है।

### कार्यसमिति की बैठक के बाद कांग्रेस पर साधा निशाना

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यसमिति की बैठक के बाद कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के कुशासन का उदाहरण है कि प्रदेश अपराध में एक नंबर पर आ पहुंचा हैं। प्रदेश में महंगाई चरम पर है, राजस्थान का युवा भटक रहा है, आरपीएससी जैसी संस्था की पवित्रता पर सवाल खड़े हुए हैं। भ्रष्ट लोगों को आरपीएससी का सदस्य बनाया गया। पेपर लीक हुए। इससे युवा अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि कार्यसमिति बैठक में कार्यों की समीक्षा व आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई।

### सीएम के चेहरे पर केंद्रीय नेतृत्व करेगा निर्णय

उपनेता प्रतिपक्ष और भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार पर निशाना साधा। योजना भवन में मिले खजाने को लेकर कहा कि हम बचपन में अलमारी में पारले-जी बिस्किट को तरसते थे और यहां कांग्रेस राज में सोने के बिस्किट मिले हैं। पूनियां ने कहा कि कांग्रेस में आलाकमान कमजोर है, इसलिए वहां नेताओं के अंतर्कलह और झगड़ा शांत नहीं हो रहा। भाजपा में केंद्रीय नेतृत्व मजबूत है, यहां मुख्यमंत्री के कितने भी चेहरे हों, लेकिन निर्णय केंद्रीय नेतृत्व ही करता हैं। मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर अगले एक महीने तक भाजपा पूरी सक्रियता व मजबूती के साथ पूरे राजस्थान में कार्यक्रम करेगी।



## जूनियर एनटीआर की 20 साल पुरानी फिल्म देख बेकाबू हुए फैंस

**हैदराबाद।** साउथ अभिनेता जूनियर एनटीआर अपने अभिनय के साथ-साथ अपनी फिल्मों को लेकर भी सुर्खियों में रहते हैं। 'आरआरआर' फिल्म से साउथ समेत नॉर्थ के दर्शकों का दिल जीतने वाले सुपरस्टार जूनियर एनटीआर जल्द ही जान्हवी कपूर के साथ फिल्म 'देवरा' से लोगों का मनोरंजन करने आ रहे हैं। हाल ही में, जूनियर एनटीआर की 2003 की तेलुगु फिल्म 'सिम्हादरी' को शुक्रवार को अभिनेता के जन्मदिन के अवसर पर तेलुगु राज्यों में फिर से रिलीज किया गया, जिसके बाद थिएटर में एक बड़ा हादसा भी हो गया। साउथ अभिनेता जूनियर एनटीआर के 40वें जन्मदिन पर उनकी 20 साल पुरानी फिल्म 'सिम्हादरी' को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज किया गया।

लाइफ Style



## करिश्मा खोले दिल के राज़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री करिश्मा तन्ना अपनी खूबसूरती के साथ-साथ अपने बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाती है। करिश्मा जल्द ही हंसल मेहता की वेब सीरीज 'स्कूप' में नजर आने वाली हैं। इस सीरीज में एक्ट्रेस एक क्राइम जर्नलिस्ट का रोल प्ले करने वाली है।

यह सीरीज पॉपुलर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है। हाल ही में एक साक्षात्कार में करिश्मा ने अपने दिल की बात कही है। उन्होंने साझा किया कि कैसे उनके माता-पिता विशेष रूप से उनके पिता, उनके जन्म से खुश नहीं थे। उन्होंने कहा कि मेरे पिता को बेटे की चाहत थी और मैं बेटी थी। उन्होंने बताया कि कैसे उनके और उनकी बहन के प्रति उनके दादा-दादी के अलग-अलग व्यवहार ने उन्हें मजबूत बनाया और उन्होंने घर पर इस 'सेक्सिज्म' से लड़ने का फैसला किया। एक्ट्रेस ने कहा कि उसके माता-पिता ने उसके जन्म के बाद उसका चेहरा नहीं देखा। बाद में, जब उसकी मां ने उसे इस बारे में बताया तो उसका दिल टूट गया।

उन्होंने कहा, "जब मैं पैदा हुई थी, मेरी मम्मी ने एक हफ्ते तक मेरा चेहरा नहीं देखा था। मेरे पापा एक महीने तक मुझे देखने नहीं आए क्योंकि दूसरी भी लड़की ही हुई, जब मेरी मां ने मुझे बताया तो मेरा दिल टूट गया। ऐसा नहीं है कि मेरे पिता मुझसे प्यार नहीं करते थे। ऐसा इसलिए था क्योंकि उनकी दूसरी संतान भी एक लड़की थी और परिवार का दबाव था, इसलिए वह मुझसे मिलने नहीं आए, लेकिन इस बात ने मुझे अंदर से भी तोड़ दिया।"

हॉलीवुड मसाला




## परदे पर छा गई फास्ट एक्स

लॉस एंजेलिस। फिल्म 'फास्ट एक्स' 2023 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक थी। यह एक हॉलीवुड एक्शन फिल्म है, जिसका डायरेक्शन लुइस लेटेरियर ने किया है और ये फिल्म एफ 9 (2021) का नया पार्ट है। 'फास्ट एंड फ्यूरियस' फ्रैंचाइजी का ये ग्यारहवा पार्ट है। इसमें विन डीजल ने डोमिनिक टोरेटो की भूमिका निभाई है। यह फिल्म भारत में 19 मई को रिलीज हुई और इसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की। ऐसा लगता है कि फिल्म 'फास्ट एक्स' ने पहले विक भारत में बॉक्स ऑफिस पर लगभग 60 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।




## 'दृश्यम' का विदेश में चला जादू ...

मुंबई। दृश्यम फ्रेंचाइजी की हिंदी 'दृश्यम 2' ने पिछले साल भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी। पैनोरमा स्टूडियोज की इस सस्पेंस थ्रिलर फिल्म की दीवानगी इस कदर है कि लोगों को इसके डायलॉग तक याद हैं। दुनियाभर के भारतीय सिनेमा लवर्स के लिए एक खुशखबरी सामने आई है। कांस फिल्म फेस्टिवल में "दृश्यम" के ऑफिशियल कोरियन भाषा में रीमेक बनने पर मुहर लगी है। पैनोरमा स्टूडियोज और एंथोलॉजी स्टूडियोज ने कांस फिल्म फेस्टिवल में ऑफिशियल अनाउंसमेंट करते हुए बताया कि कोरियन में फिल्म 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी की रीमेक के लिए साझेदारी हुई है। ऐसा पहली बार है जब किसी भारतीय और कोरियाई स्टूडियो के बीच सहयोग हुआ है।



## शादी की ख़बरों पर कीर्ति ने तोड़ी चुप्पी...

**मुंबई।** चर्चित अभिनेत्री कीर्ति सुरेश इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि एक्ट्रेस जल्द ही दुबई के बिजनेसमैन से शादी रचाने वाली हैं। मगर, हाल ही में कीर्ति ने खुद इस मामले में चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बाकायदा सोशल मीडिया पर इस मामले में प्रतिक्रिया दी है। काफी वक्त से कहा जा रहा है कि कीर्ति दुबई के बिजनेसमैन फरहान बिन लियाकत के साथ रिलेशनशिप में हैं और जल्द ही दोनों घर बसाने की तैयारी में हैं। अब कीर्ति ने ऐसी ही एक खबर पर प्रतिक्रिया दी है। पहले तो कीर्ति इस तरह की खबर देख अपनी हंसी ही नहीं रोक पाईं। उन्होंने ऐसी खबर को रिट्वीट करते हुए लिखा, 'हाहाहा! अभी ऐसा कुछ नहीं है, फिलहाल मेरे दोस्त का नाम बीच में लाना सही नहीं है।




## आख़िर क्यों इमोशनल हो गए थे जुगल

**मुंबई।** अभिनेता से लेखक बने जुगल हंसराज ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 10 साल की उम्र में फिल्म 'मासूम' से की थी। साल 2008 में आई फिल्म 'रोडसाइड रोमियो' और 'प्यार इम्पॉसिबल' के लिए लेखक-निर्देशक बनने से पहले उन्होंने एक वयस्क के रूप में कुछ और फिल्मों में अभिनय किया, जिसमें उनकी सबसे लोकप्रिय फिल्म 'मोहब्बतें' भी शामिल थी। कई काम करते हुए हंसराज ने कुछ गाने भी बनाए, जिनमें से एक शाहरुख खान की सुपरहिट फिल्म कुछ कुछ होता है का टाइटल ट्रैक था। एक इंटरव्यू के दौरान हंसराज ने फिल्म निर्माता करण जौहर से जुड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि निर्देशक ने फिल्म कुछ कुछ होता है के टाइटल ट्रैक के लिए सबसे पहले उन्हें संपर्क किया था और इस पर उनकी प्रतिक्रिया मांगी।

टीवी मसाला

## 'जो अब खुलकर बोल रहे हैं वो ग़लत...'

**मुंबई।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। बीते दिनों इस शो में रोशन सोढ़ी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री जेनिफर मिस्त्री ने असित मोदी पर यौन शोषण का गंभीर आरोप लगाते हुए निशाना साधा था। फिर मोनिका भदौरिया उनके सपोर्ट में आई और अब अभिनेत्री प्रिया अहूजा ने भी शो के मेकर्स पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रिया अहूजा इस शो में रीटा रिपोर्टर का रोल निभाती थीं। उन्होंने कहा कि हां शो में शोषण और भेदभाव तो होता ही है। उन्होंने बताया कि उनके काम मांगने पर अभिनेत्री को मना कर दिया गया। प्रिया अहूजा ने शैलेष लोढ़ा, जेनिफर और मोनिका के आरोपों का समर्थन किया है।



उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि, मुझे ऐसा लगता है कि मैं उस डायरेक्टर की पत्नी हूं, जिसने इन लोगों के साथ 14 साल तक काम किया है। तो अगर मुझे रिस्पेक्ट नहीं मिली है तो मुझे लगता है कि मोनिका जैसे लोग जो अब सामने आ रहे हैं वो गलत नहीं हैं। उन्होंने मुझे नौ महीने से शो पर नहीं बुलाया है, क्योंकि मालव के साथ उनका रिश्ता खत्म हो गया है। प्रिया ने यह भी कहा कि शो में भिड़े का किरदार निभाने वाले मंदार चंदवाडकर ने असित मोदी का सपोर्ट किया तो जेनिफर ने कहा था कि शो पर पुरुषों का प्रभुत्व है।

### क्या 'तेजरन' का हो गया ब्रेकअप? तेजस्वी से अनबन की खबरों पर करण का बड़ा बयान

मुंबई। बिग बॉस के इतिहास में बहुत ही कम कपल्स ऐसे रहे हैं, जिनका रिश्ता शो खत्म होने के बाद भी रहा हो। इन्हीं में से एक तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा भी हैं। दोनों बिग बॉस के घर से ही एक दूसरे को डेट कर रहे हैं और दोनों के फैंस जल्द से जल्द उन्हें शादी करते देखना चाहते हैं, लेकिन पिछले काफी समय से दोनों के बीच अनबन की अफवाह उड़ रही हैं। इस बीच अब करण कुंद्रा ने अपने रिश्ते पर चुप्पी तोड़ी है। पिछले कुछ समय से अफवाहें चल रही हैं कि करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश के बीच सबकुछ ठीक नहीं है। यह सब तब शुरू हुआ था, जब करण ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक शायरी शेयर की थी। इसके बाद से ही लोगों को लगने लगा था कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है। मीडिया के सामने आकर यह स्पष्ट करने के बावजूद कि उनके बीच सब ठीक है, इन अफवाहों का बाजार अभी भी गर्म है। अब, करण कुंद्रा ने एक बार फिर अपने ब्रेकअप की खबरों पर खुलकर बात की है।



## *शाहरुख़ की दीवानगी, मरने से पहले मिलना चाहती है कैंसर पीड़ित फैन*

*मुंबई। पठान एक्टर शाहरुख खान को बॉलीवुड का किंग कहा जाता है। उनके चाहने वाले देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी हैं। अभिनेता को उनके फैंस बहुत प्यार करते हैं। एक फैन और कलाकार के बीच का रिश्ता बेहद खास होता है। शाहरुख के चाहने वाले उनकी एक झलक पाने के लिए बेकरार रहते हैं। उनकी एक फैन सामने आई हैं, जो कैंसर से पीड़ित हैं और मरने से पहले एक बार शाहरुख से मिलना चाहती हैं। नॉर्थ 24 परगना की रहने वाली शिवांगी खरदाह कैंसर की लास्ट स्टेज पर हैं। इस बीच उन्होंने शाहरुख खान से मिलने की इच्छा जाहिर की है। उनकी शाहरुख के प्रति दीवानगी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हाल ही में आई शाहरुख की फिल्म पठान को देखने के लिए वह थियेटर तक जा पहुंची थीं। उनका शाहरुख खान के लिए दीवानापन जरा भी कम नहीं हुआ है. शिवानी ने अब तक शाहरुख खान की हिट से लेकर सारी फ्लॉप फिल्में तक देखी हैं। 60 साल की शिवानी ने शाहरुख की सभी फिल्मों के पोस्टर अपने घर में चिपका रखे हैं। शिवानी को आईपीएल मैच के दौरान शाहरुख से प्यार हुआ था।*



## भारतीय दिलों पर राज करती हैं हॉलीवुड की एक्शन फिल्में

मुंबई। हॉलीवुड की एक्शन फिल्में हमेशा भारतीय दिलों पर राज करती रही हैं। हालीवुड में बनने वाली कई एक्शन फिल्में तो भारतीय दर्शकों को इतनी भा गईं कि हिंदी फिल्म जगत ने इनकी कॉपी तक की। हालांकि मूल फिल्मों का जादू अब तक बरकरार है। आईए, जानते हैं ऐसी ही कुछ एक्शन फिल्मों के बारे में।

**गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी वॉल्यूम 3 :** फिल्म 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी वॉल्यूम 3' कहानी शुरू होती है जब फिल्म के सभी किरदार अपने काम में व्यस्त हैं। तभी रॉकेट जो आधा मशीन और आधा वन्य जंतु जैसा दिखने वाला है, इसका अपहरण करने के लिए एडम नाम का खतरनाक प्राणी उन पर हमला कर देता है। इस फिल्म में क्रिस प्रैट, चुकवुडी इवुजी, डेव बतिस्ता, केरन गिलन, जो सल्डाना, पैट क्लेमेंटीफ, और सिल्वेस्टर स्टैलोन की मुख्य भूमिकाएं है। फिल्म के लेखक निर्देशक जेम्स गन और निर्माता केविन फाइगी हैं। यह फिल्म 5 मई 2023 को रिलीज हुई थी। 250 मिलियन डॉलर के बजट में बनी इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 659,122,579 डॉलर रहा है।



**एंट- मैन एंड द वैस्पः क्वांटमैनिया :** फिल्म 'एंट -मैन एंड द वैस्पः क्वांटमैनिया' की कहानी एंट मैन और वास्प के इर्द गिर्द घूमती है, जो अजीब किस्म के जीवो के साथ बातचीत करते हुए ऐसे साहसिक कार्य में लग जाते हैं, जो उन्हें संभावित सीमाओं से परे धकेल देता है। पेटन रीड के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पॉल रुड, एवैंजेलाइन लिली, जोनाथन मेजर्स, कैथरीन न्यूटन, मिशेल फीफर और माइकल डगलस की मुख्य भूमिकाएं हैं। फिल्म की कहानी जेफ लवनेस ने लिखी है और फिल्म के निर्माता केविन फाइगी और स्टीफन बोसर्ड हैं। 200 मिलियन डॉलर के बजट में बनी इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 463,478,358 डॉलर रहा है।




**डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस :** एवेंजर्स फ्रेंचाइजी की लोकप्रियता और सफलता के बाद मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स से दर्शकों की अपेक्षाएं हर फिल्म से बढ़ जाती है। 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' की कहानी एक ऐसी रहस्यमयी शक्ति के इर्द गिर्द घूमती है जो शहर पर कहर बरपा रही है। डॉक्टर स्टीफन स्ट्रेंज और वोंग एक ऐसी लड़की को बचा रहे हैं, जो कई ब्रह्मांडों में सफर कर सकती है। लेकिन उस लड़की को बचाने के चक्कर में डॉक्टर स्टीफन स्ट्रेंज और वोंग को ऐसे अंजाम से भुगतना है जिसके लिए वह तैयार नहीं हैं। इस फिल्म में बेनेडिक्ट कंबरबैच, एलिजाबेथ ओल्सेन, बेनेडिक्ट वोंग और रेचेल मैकएडम्स की मुख्य भूमिकाएं हैं। सैम रैमी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण मार्वल स्टूडियोज ने किया है और फिल्म के लेखक माइकल वॉल्ड्रॉन हैं। यह फिल्म 6 मई 2022 को रिलीज हुई थी। करीब 200 मिलियन डॉलर के बजट में बनी इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 952,224,986 डॉलर रहा है।



### अभिनेता रहमान ने ज्यादातर सहायक भूमिकाएं कीं, फिर भी छा गए परदे पर

## फिल्मों में आने के लिए छोड़ दी पायलट की नौकरी, आख़िरी वक़्त चली गई थी आवाज़



**आज जन्मदिन**

*अभिनेता सैयद रहमान खान को बड़े परदे पर रहमान के नाम से पहचान मिली। शुरूआती दौर में हीरो की भूमिका के बाद वह सहायक भूमिकाओं में आ गए और बहुत जल्द उन्होंने चरित्र भूमिकाएं अदा करना शुरू कर दी। 1940 से 1980 तक रहमान ने कई हिंदी फिल्मों में काम किया। रहमान का जन्म 23 जून 1921 को लाहौर में हुआ था। कॉलेज की पढ़ाई के बाद रहमान की नौकरी इंडियन एयर फोर्स में लग गई। लेकिन एक्टिंग के जूनून के चलते उन्होंने वो नौकरी छोड़ दी और बॉम्बे आकर एक्टर बन गए। उन्हें पहली फिल्म मिलने की कहानी भी खासी दिलचस्प है। दरअसल, एक रोज डायरेक्टर को एक ऐसे शख्स की तलाश थी जो पश्तूनी पगड़ी बांध सके। रहमान पश्तून थे तो उन्हें इसका फायदा मिल गया। फिर क्या था रहमान के करियर की शुरुआत हो गई।*

**मुंबई।** रहमान के परिवार में उनके छोटे भाई मसूद-उर-रहमान पाकिस्तानी सिनेमैटोग्राफ़र के तौर पर चर्चित रहे। लोकप्रिय नायक के रूप में रहमान कभी दिलीप कुमार, राजकपूर, देवानंद के स्तर पर तो नहीं पहुंचे, लेकिन सहनायक और चरित्र-अभिनेता की हैसियत से वे अशोक कुमार, मोतीलाल, प्राण जैसे कलाकारों के स्तर तक पहुंच गए और अपार ख्याति अर्जित की। शाही खानदान से जुड़े होने के कारण रहमान का न सिर्फ व्यक्तित्व, बल्कि उनका अभिनय और उनकी संवाद-अदायगी भी आन-बान-शान से परिपूर्ण थी। इसका इस्तेमाल उन्होंने अपनी अभिनीत सभी फ़िल्मों में बखूबी किया। रहमान का बचपन लाहौर में बीता। बाद में उनके पिता सरदार अब्दुल रहमान जबलपुर आकर बस गए। यहां के रॉबर्टसन कॉलेज में रहमान की शिक्षा हुई। इसी दौरान स्वाधीनता-आंदोलन में भाग लेने की वजह से वे जेल भी गए। बाद में उन्होंने तीन साल तक वायु सेना में नौकरी की।

अभिनय के प्रति झुकाव के कारण रहमान ने वायु सेना की नौकरी छोड़ दी और मुम्बई आ गए। यहां वे वी. शांताराम द्वारा स्थापित फ़िल्म अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने लगे और इसके रास्ते फ़िल्मों में आने की कोशिश भी करने लगे। हालांकि सफलता नहीं मिली। उन्हें काफ़ी संघर्ष करना पड़ा, तब जाकर कहीं 1946 में रहमान को पी.एल. संतोषी, जो चर्चित निर्देशक राजकुमार संतोषी के पिता थे, की फ़िल्म 'हम एक हैं' में पहली बार नायक की भूमिका मिली। इसके बाद- नर्गिस, तोहफा, इंतजार के बाद, प्यार की जीत, बड़ी बहन, प्यार की मंजिल, मगरूर, पारस, परदेस, राजरानी, अजीब लड़की, एक नजर, जौहर, प्यासे नैन आदि फ़िल्मों में वे नायक बनें।



रहमान ने स्वयं को कभी स्टार नहीं माना। वे हमेशा स्कैंडल्स से बचे रहे और फ़िल्मी चकाचौंध से दूर रहे। फ़िल्म-जगत की चमक-दमक से अलग वे किताबें पढ़ने, शतरंज खेलने और बढ़िया भोजन करने में ही अपना वक्त गुजारना पसंद करते थे। इनके खानदानी व्यक्तित्व को देख कर ही लोग इन्हें फ़िल्म 'साहिब बीबी और ग़ुलाम' के बाद साहब कहने लगे थे। नायक के रूप में रहमान का कैरियर बमुश्किल पांच-छह साल रहा। बतौर नायक जब वे असफल हो गए, तो गुरुदत्त ने सन 1957 में अपनी फ़िल्म प्यासा से उन्हें सहनायक के रूप में पर्दे पर प्रस्तुत किया। बाद में इस तरह की भूमिकाएँ उन्होंने-चौदहवीं का चांद, धर्मपुत्र, ये रास्ते हैं प्यार के, बहारों की मंजिल, दिल दिया दर्द लिया, पालकी, दिल ने फिर याद किया जैसी बहुत-सी सफल फ़िल्में कीं। सहायक के बाद रहमान चरित्र अभिनेता भी बनें और वक्त, आबरू, इंतकाम, दुश्मन, आप की कसम, आहिस्ता-आहिस्ता, राजपूत आदि कई फ़िल्मों में भिन्न-भिन्न किरदार अभिनीत किए। रहमान को उनकी जादुई आवाज के लिए जाना जाता था लेकिन 1977 तक 3 हार्ट अटैक झेल चुके रहमान को कैंसर ने हरा दिया। उन्हें गले का कैंसर हो गया और उनकी आवाज चले गई। लंबी बीमारी से जूझने के बाद 5 नवंबर 1984 में उनकी मौत हो गई. मलाल तो बस ये रह गया कि उनकी जादुई आवाज उनके आखिरी वक्त में उनका साथ छोड़ चुकी थी जिसके चलते रहमान आखिरी वक्त में कुछ नहीं कह पाए।

# धोनी ने कहा–प्रशंसकों के प्यार की वजह से अगले साल फिर खेलूंगा

*अहमदाबाद।* चेन्नई सुपर किंग्स को पांचवां खिताब दिलाने के बाद आईपीएल से संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि दर्शकों के प्यार को देखते हुए उन्हें तोहफा देने के लिए वह अगले सत्र में फिर खेलेंगे। इस सत्र की शुरुआत से ही अटकलें लगाई जा रही थी कि यह धोनी का आखिरी सत्र होगा। हर मैदान पर दर्शकों ने उन पर जिस तरह से प्यार लुटाया, उससे इसकी संभावना और प्रबल होती नजर आ रही थी। गुजरात टाइटंस पर फाइनल में पांच विकेट से जीत के बाद धोनी से जब पूछा गया कि क्या यह उनका आखिरी सत्र है, उन्होंने कहा, 'अगर परिस्थितियों को देखें तो मेरे लिए संन्यास लेने का यह सर्वश्रेष्ठ समय है। मेरे लिए यह कहना बहुत आसान है कि अब मैं विदा ले रहा हूं लेकिन अगले नौ महीने तक कड़ी मेहनत करके लौटना और एक सत्र और खेलना कठिन है। शरीर को साथ देना होगा। चेन्नई के प्रशंसकों ने जिस तरह से मुझे प्यार दिया, यह उनके लिए मेरा तोहफा होगा कि मैं एक सत्र और खेलूं। उन्होंने जो प्यार और जज्बात दिखाए हैं, मुझे भी उनके लिए कुछ करना चाहिए। यह मेरे कॅरियर का आखिरी दौर है। यहीं से शुरुआत हुई थी और पूरा स्टेडियम मेरा नाम ले रहा था। ऐसा चेन्नई में भी हुआ था लेकिन मैं वापसी करके जितना खेल सकता हूं, खेलूंगा।'



## 'माही भाई आपके लिए तो कुछ भी', इमोशनल हुए जड्डू

मैच में सीएसके ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अंतिम बॉल पर जीत दर्ज की। जडेजा ने मैच के आखिरी गेंद पर चौका लगाकर चेन्नई को जीत दिलाई। मैच में कमाल करने वाले जड्डू ने मैच के बाद अपने इमोशन शेयर किए। जडेजा ने सोशल मीडिया पर धोनी के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीर में जड्डू के साथ उनकी पत्नी और धोनी आईपीएल ट्रॉफी के साथ हैं। जडेजा तस्वीर से साथ कैप्शन में लिख, 'हमने इसे सिर्फ और सिर्फ एमएस धोनी के लिए किया। माही भाई आपके लिए तो कुछ भी।'

## ये शॉट बुड्ढा होकर भी याद करेगा

*एक दिन पहले ही संन्यास ले चुके रायडू से जब पूछा गया कि मैच से पहले और बाद में धोनी ने उनसे क्या कहा, तो रायडू ने कहा- धोनी मुझसे बोले कि ये जो शॉट तूने मारा है, उसे बुड्ढा होकर भी याद करेगा। हालांकि रायडू ने साफ नहीं किया कि वे अपने छक्के वाले शॉट की बात कर रहे थे या फिर शानदार बल्लेबाजी करने के बाद खराब शॉट खेलकर मोहित शर्मा को कैच थमाने वाले शॉट की बहरहाल जो भी हो रायडू का फेयरवैल बहुत अच्छा रहा। आखिरकार उन्होंने एक बार फिर आईपीएल की ट्रॉफी उठा ली।*

### अंतिम दो गेंदों पर सिर्फ बल्ला घुमाने की सोच रहा था

जडेजा ने आखिरी दो गेंदों पर उनके दिमाग में क्या चल रहा था ये खुलासा किया। जडेजा ने कहा कि – मैं बस यह सोच रहा था कि मुझे बल्ला तेजी से घुमाना है, चाहे जो भी हो जाए। आखिरी दो गेंद पर 10 रन चाहिए थे, कुछ भी हो सकता था। मैं बस सीधा मारना चाहता था, मैं जानता हूं कि मोहित शर्मा स्लोअर गेंद फेंक सकता है। सीएसके के हर एक फैन को बधाई देना चाहता हूं। जिस तरह से आप हमें चीयर करते हैं, आगे भी करते रहिए हम कड़ी मेहनत करेंगे और ट्रॉफी जीतते रहेंगे।'

## 'उनके खिलाफ हारने का कोई गम नहीं'

हार्दिक पांड्या धोनी को अपना गुरु मानते हैं और उनकी हर समय तारीफ करते ही रहते हैं। ऐसे में जब खिताबी मुकाबले में उन्हें धोनी ने पटखनी दी तो उन्होंने इस पर भी दुख नहीं जताया। हार्दिक ने कहा कि "मैं उनके लिए बहुत खुश हूं, भाग्य ने



यही लिखा था। अगर मुझे हारना पड़े, तो मैं उसे उनके सामने हारूंगा। अच्छे लोगों के साथ ही अच्छी चीजें होती हैं और मैं जानता हूं कि वो सबसे अच्छे इंसान रहे हैं। भगवान दयालु रहे हैं, भगवान ने मुझ पर भी कृपा की है लेकिन आज उनकी रात थी।"



धोनी ने जीता दिल

## रायुडू और जडेजा को थमाई ट्रॉफी

*चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हमेशा से ही टीम के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाते हैं और उन्हें सम्मान भी देते हैं। आईपीएल 2023 के फाइनल में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। खिताबी मुकाबला जीतने के बाद ट्रॉफी लेने के समय धोनी अकेले नहीं गए बल्कि अपने साथी अंबाती रायुडू और जडेजा को भी ले गए। इसे देखकर हर किसी का दिल खुश हो गया। धोनी ने ट्रॉफी रिसीव करने के लिए अंबाती रायुडू को आगे कर दिया। इसके अलावा दूसरी ओर मौजूदा रवींद्र जडेजा ने भी ट्रॉफी को हाथ लगाया। इस दौरान धोनी साइड में ही खड़े रहे।*

## खबर संक्षेप



### कप्तान छेत्री ने पटनायक को सौंपा पहला टिकट

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में नौ जून से शुरु होने वाले सीनियर अंतरराष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट - इंटरकांटिनेंटल कप - की उलटी गिनती मंगलवार को भारतीय कप्तान सुनील छेत्री के राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का पहला टिकट सौंपते ही शुरु हो गयी। छेत्री ने छह से 18 जून तक यहां खेले जाने वाले चार देशों के टूर्नामेंट का टिकट अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) महासचिव शाजी प्रभाकरण और भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमक की मौजूदगी में सौंपा। टूर्नामेंट में मेजबान भारत के अलावा लेबनान, मंगोलिया और वानुआतु शामिल हैं। शुरुआती मुकाबले में लेबनान का सामना वानुआतु से होगा जबकि भारतीय टीम मंगोलिया से भिड़ेगी।

### जियोसिनेमा पर 3.2 करोड़ दर्शकों ने देखा मैच



**नई दिल्ली।** क्रिकेट फैंस ने नया इतिहास रच दिया है। सोमवार को रिजर्व डे के दिन अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मैच में एक नया रिकॉर्ड बना। दरअसल, इस मैच को जियोसिनेमा पर 3.2 करोड़ से ज्यादा दर्शकों ने देखा। ये क्रिकेट में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक ही समय में अब तक की सबसे ज्यादा व्यूअरशिप है। इससे पहले करीब 2.5 करोड़ लोगों ने मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच मैच देखा था।

### पहलवानों को हिरासत में लिए जाने की यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने की निंदा

**कोर्सियर सुर वेवे।** युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने मंगलवार को भारत के शीर्ष पहलवानों को जंतर मंतर पर प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिये जाने की निंदा करते हुए चेतावनी दी कि अगर निर्धारित समय के भीतर चुनाव नहीं होते हैं कि भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित कर दिया जायेगा। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के प्रदर्शन पर उसकी नजर है। कई महीनों से हम भारत में हालात को लेकर चिंतित हैं जहां पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के खिलाफ उत्पीड़न और शोषण के आरोपों को देकर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमने देखा है कि डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष को शुरूआत मे ही अलग कर दिया गया और वह अब कुश्ती का कामकाज नहीं देख रहे हैं।

# समीर, किरण, अशिमता ने थाईलैंड ओपन के मुख्य ड्रा में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी समीर वर्मा, किरण जॉर्ज और अश्मिता चालिहा ने मंगलवार को यहां क्वालीफाइंग दौर में अपने प्रतिद्वंद्वियों पर सीधे गेम में जीत से थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट की एकल स्पर्धा के मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। वापसी कर रहे समीर ने पहले दो मैच में वॉकओवर- इंडोनेशिया के क्रिस्टियन एडिनाटा और स्पेन के लुईस एनरिक पेनालवर से मिलने के बाद मलेशिया के यियोह सेंग जो को 21-12, 21-17 से पराजित किया।

हाल में स्लोवेनिया ओपन जीतने वाले 28 साल के समीर का सामना मुख्य ड्रा के शुरुआती दौर में डेनमार्क के मैग्नस जोहाननेसन से होगा। वहीं 2022 ओडिशा ओपन विजेता किरण ने साथी भारतीय कार्तिकेय गुलशन कुमार को 21-14, 21-18 से हराने के बाद कोरिया के जियोन हेयोक जिन को 21-10, 21-14 से पराजित किया। अब वह बुधवार को तीसरे वरीय चीन के शि युकी से भिड़ेंगे। महिला एकल में अश्मिता चालिहा ने साथी भारतीय उन्नति हुड्डा को 21-16, 13-21, 21-19 और एस्तोनिया की क्रिस्टिन कुबा को 21-19, 21-11 से शिकस्त दी। असम की यह खिलाड़ी मुख्य ड्रा के पहले मुकाबले में हमवतन मालविका बंसोड़ के सामने होंगी। अन्य खिलाड़ियों में तोक्यो ओलंपियन बी साई प्रणीत और राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथ को मुख्य ड्रा में प्रमोट किया गया।



### सात्विक-चिराग ने हासिल की सर्वश्रेष्ठ चौथी विश्व रैंकिंग



*नई दिल्ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी नवीनतम विश्व रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गई। पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक और फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब तथा मौजूदा सत्र में स्विस ओपन 300 खिताब जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी के अब 12 टूर्नमेंट में 74 हजार 651 अंक हैं। एचएस प्रणय एक स्थान के फायदे से एक बार फिर दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी बन गए हैं। किदांबी श्रीकांत भी तीन स्थान के फायदे से 20वें स्थान पर हैं। मलेशिया मास्टर्स से जल्दी बाहर होने का खामियाजा लक्ष्य सेन को रैंकिंग में एक स्थान के नुकसान के रूप में उठाना पड़ा। वह अब 23वें स्थान पर हैं।*

फ्रेंच ओपन



## मां बनने के बाद स्वितोलिना की ग्रैंडस्लैम में पहली जीत

### मार्टिना ट्रेविसन को सीधे सेट में हराया

एजेंसी ▶▶| पेरिस

एलिना स्वितोलिना ने मां बनने के बाद लगभग डेढ़ साल में फ्रेंच ओपन में पहला मुकाबला खेलते हुए सोमवार को यहां महिला एकल के पहले दौर में मार्टिना ट्रेविसन को सीधे सेट में हराया।

अक्टूबर में बेटी 'स्का' को जन्म देने वाली स्वितोलिना ने 2022 में यहां सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मार्टिना को 6-2, 6-2 से शिकस्त दी। दुनिया के तीसरे नंबर की पूर्व खिलाड़ी स्वितोलिना की मौजूदा विश्व रैंकिंग 192 है। जनवरी 2022 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर से बाहर होने के बाद स्वितोलिना पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेल रही हैं। स्वितोलना ने डब्ल्यूटीए टूर पर वापसी करते हुए अपना पहला मैच अप्रैल में दक्षिण कैरोलिना के चार्ल्सटन में खेला था और पिछले हफ्ते फ्रांस के स्ट्रेसबर्ग में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में पहला खिताब जीता।

सोमवार को रोलां गैरो पर अपने मजबूत फोरहैंड की बदौलत स्वितोलिना ने 20 विनर लगाए जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी 12 विनर ही लगा सकीं। यूक्रेन की इस खिलाड़ी को 26वीं वरीयता प्राप्त मार्टिना के खिलाफ एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा।

## प्रो लीग के बाकी मैचों के लिए तैयार



*लंदन। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने यहां भारतवंशियों के एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी टीम एफआईएच प्रो लीग के आगामी मैचों के लिए पूरी तरह तैयार है। हरमनप्रीत के साथ पूरी टीम और कोच क्रेग फुल्टन यहां भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मौजूद थे। भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग तालिका में अभी ग्रेट ब्रिटेन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। भारत का सामना शुक्रवार को बेल्जियम से होगा और शनिवार को टीम ग्रेट ब्रिटेन से खेलेगी।*

## ओडिशा ने राजनांदगांव को 103 रन से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन के हाथों जिला क्रिकेट संघ राजनांदगांव की 103 रन की करारी हार मिली। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने वीटीसीए नागपुर पर 25 रन से रोमांचक जीत की। दोनों टीमो ने लीग राउंड में अपने-अपने मैच जीतकर प्रारंभ हुई रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया टी-20 फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में 2-2 अंक प्राप्त किए।

दिग्विजय स्टेडियम में स्टेडियम समिति, जिला क्रिकेट संघ, राजगामी सम्पदा न्यास, पी-4 समिति के तत्वावधान में आयोजित 18वीं रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया टी-20 फ्लड लाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में ओडिसा क्रिकेट एसोसिएशन ने मेजबान जिला क्रिकेट संघ को 103 रन से करारी शिकस्त देते अपना विजय अभियान प्रारंभ किया। ओडिसा ने पहले बल्लेबाजी करते 7 विकेट खोकर 193 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए राजनांदगांव की टीम 14.4 ओवर में ही 90 रन बना कर सिमट गई। स्पर्धा के दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 178 रन बनाए थे। नागपुर की टीम निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 153 रन ही बना पाई।

## टी20 टीम में वापसी कर सकते हैं मोहित



*नई दिल्ली। मोहित शर्मा पिछले साल गुजरात टाइटन्स के नेट गेंदबाज थे और इस साल यह 34 साल का तेज गेंदबाज टीम को लगातार दूसरे आईपीएल खिताब के करीब ले गया जिससे हाल में समाप्त हुए 2023 सत्र में उनकी वापसी की दास्तां सुर्खियों में है। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिताब जीतने के तुरंत बाद हार्दिक पंड्या ने मोहित को गले लगाकर सांत्वना दी जिससे गुजरात टाइटन्स के कप्तान की संवेदना साफ दिखती है जिससे दिखा कि उन्होंने हरियाणा के इस तेज गेंदबाज के इस सत्र में उनके अभियान में योगदान को स्वीकार किया।*

## एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूरोप के अभ्यास दौरे के बाद भारतीय अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिज ने थाईलैंड में एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के लिए मंगलवार को 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

भारत की अंडर-17 टीम पिछले डेढ़ महीने से स्पेन और जर्मनी में ट्रेनिंग कर रही है। टीम ने दौरे में पांच जीत दर्ज की जबकि उसे चार मैचों में हार मिली और एक में उसने ड्रा हासिल किया। टीम एक जून को थाईलैंड पहुंचेगी और ग्रुप डी में उसका सामना वियतनाम (17 जून), उज्बेकिस्तान (20 जून) और जापान (23 जून) से होगा। टीम : गोलकीपर : साहिल, जुल्फिकार गाजी, प्रणव सुंदर रमन। डिफेंडर : रिकी मीतेई हाओबाम, सूरजकुमार



सिंह नगांगबाम, मुकुल पंवार, मालेमंगाम्बा सिंह थोकचोम, परमवीर, धनाजीत एशंगबाम **मिडफील्डर** : वानलालपेका गुइते, डैनी मेतेई लैशराम, गुरनाज सिंह ग्रेवाल, कोरोऊ सिंह थिंगुजाम, लालपेखलुआ, रोहेन सिंह छफामायुम, ओमांग डोडुम, फैजान वहीद, आकाश टिर्की, प्राचित विश्वास नायक गांवकर फारवर्ड : थांगलालसोन गंगटे, शाश्वत पंवार, गोगोचा चुंगखाम, लेमेट टांगवाह।

### इंडियन प्रीमियर लीग 2023 : कूल धोनी, फिनिशर जडेजा...

# 5 कारणों से फाइनल जीत चैंपियन बना सुपर किंग्स

*एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद*

*महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में धमाल कर दिया है। बारिश के कारण काफी इंतजार के बाद आखिर इस सीजन का नतीजा रिजर्व-डे सोमवार को निकला। रिजर्व-डे में भी बारिश ने पीछा नहीं छोड़ा। गुजरात ने 20 ओवर में 214 रन बनाए। इसके बाद इंद्रदेव जमकर बरसे, लेकिन वो भी क्रिकेट के जुनून के आगे हार गए। बारिश बंद हुई, तो डकवर्थ लुईस नियम के तहत 15 ओवर का मैच किया गया और चेन्नई की पारी कराई गई।*

*चेन्नई को 171 रनों का टारगेट मिला। इसके जवाब में धोनी की टीम ने यह मैच और खिताब जीत लिया। मगर बारिश से बाधित यह फाइनल मैच धोनी के लिए जीतना उतना आसान नहीं रहा, जितना की सीएसके टीम के फैन्स मान रहे थे। मुकाबले में कई बार ऐसा लगा जब गुजरात यह मैच जीत लेगी, मगर कुछ धोनी की चालाकी और फिर रवींद्र जडेजा का बेस्ट फिनिश काम आया। ऐसे ही मैच में 5 बड़े कारण रहे, जिनके दम पर चेन्नई ने यह मैच और खिताब अपने नाम किया। आइए जानते हैं यह कारण...*



### धोनी-जडेजा की चालाकी आई काम

पहली पारी का 7वां ओवर स्पिनर रवींद्र जडेजा कर रहे थे। जबकि विकेटकीपिंग धोनी के हाथों में थी। जडेजा के ओवर की छठी गेंद पर गिल थोड़ा आगे निकले पर शॉट से चूक गए। बस इसी दौरान धोनी ने अपनी तेजी दिखाई।

### तूफानी शुरुआत

डकवर्थ लुईस नियम के कारण 15 ओवरों में चेन्नई को 171 रनों का टारगेट मिला, तब टीम को धमाकेदार शुरुआत देने की जिम्मेदारी ऋतुराज गायकवाड़ और डेवोन कॉन्वे के कंधों पर थी। उन्होंने उम्मीद के मुताबिक तेज शुरुआत दी। दोनों ने 39 गेंदों पर 74 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की।

### मिडिल ऑर्डर का दमदार प्रदर्शन

चेन्नई ने 78 रनों पर दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद मिडिल ऑर्डर ने पूरी जिम्मेदारी संभाली। नंबर-3 पर आए इम्पैक्ट प्लेयर शिवम दुबे ने 21 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाए और मैच जिताकर लौटे.। नंबर-4 पर अजिंक्य रहाणे ने 13 गेंदों पर ताबड़तोड़ 27 रन बनाए।

### जडेजा का बेस्ट फिनिश

*धोनी के बाद नंबर-7 पर स्टार फिनिशर रवींद्र जडेजा आए. वही असल मायने में मैच के हीरो रहे, जिन्होंने आखिरी 2 गेंदों पर पूरी बाजी ही पलट दी. दरअसल, यह मैच आखिरी ओवर में जाकर काफी रोमांचक हो गया था. फैन्स की सांसें तब थम गई थीं. आखिरी दो गेंदों पर मैच अपने रोमांच के चरम पर था, जब चेन्नई को जीत के लिए 10 रन चाहिए थे. तब स्ट्राइक पर जडेजा थे. उन्होंने तेज गेंदबाज मोहित शर्मा की बॉल पर पहले छक्का जड़ा. इसके बाद आखिरी बॉल पर चौका लगाकर चेन्नई को फाइनल जिताया. जडेजा ने मैच में 6 गेंदों पर नाबाद 15 रन बनाए.*

### राशिद और शमी का ढूंढा तोड़

गुजरात के सफल गेंदबाज मोहम्मद शमी, राशिद खान और तेज गेंदबाज मोहित शर्मा टीम की बड़ी ताकत थे, मगर धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई टीम भी इनके खिलाफ पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरी थी। चेन्नई ने इस मैच में शमी और राशिद को कोई विकेट नहीं दिया। हालांकि मोहित 3 विकेट लेने में कामयाब रहे, लेकिन धोनी से जीत नहीं छीन सके।





## नए संसद भवन का उद्घाटन, गूंजे मोदी-मोदी, भारत माता, जय श्री राम और हर-हर महादेव के नारे

### मोदी ने 75 रुपए के सिक्के को किया जारी

पीएम मोदी ने संसद के उद्घाटन समारोह पर आयोजित कार्यक्रम के दूसरे चरण के दौरान में स्मारक डाक टिकट और 75 रुपए का सिक्का भी जारी किया है। इस सिक्के का वजन 34.65-35.35 ग्राम है। इस सिक्के को पश्चिम बंगाल के कोलकाता की टकसाल में ढाला गया है। इस सिक्के के दोनों तरफ अशोक स्तंभ, जिस पर भारत और इंडिया लिखा हुआ है। वहीं, इसके नीचे रुपए के चिह्न के साथ 75 लिखा है। सिक्के के दूसरी तरफ संसद की तस्वीर है और उसके नीचे 2023 लिखा है।

**नई संसद का भवन 'विकास और विरासत' का संगम**

# नए भारत की 'नई संसद'

सभी धर्मों के 60 से अधिक धर्माचार्यों ने वैदिक रीति और विधि-विधान से पीएम मोदी को पूजा करवाई

मोदी ने संसद में वीर सावरकर के चित्र पर भी फूल चढ़ाए। रविवार को सावरकर की जयंती थी

**नई संसद की इमारत की 'थीम'**

लोकसभा का आंतरिक हिस्सा : राष्ट्रीय पक्षी मोर पर आधारित

राज्यसभा का आंतरिक हिस्सा : राष्ट्रीय फूल कमल पर आधारित



संसद के प्रांगण में : राष्ट्रीय वृक्ष बरगद

इसमें तीन द्वार: ज्ञान द्वार, शक्ति द्वार और कर्म द्वार

### आरजेडी ने किया आपत्तिजनक ट्वीट

भारत के नए संसद भवन की तस्वीर के साथ ताबूत का फोटो लगाकर पूछा- ये क्या है?

### भाजपा ने दिया जवाब

भारत की जनता 2024 में आपको ताबूत में बंद कर देगी। नया संसद भवन भारत का भविष्य है

मोदी जब नए संसद भवन में प्रवेश कर रहे थे तब पूरे सदन में तालियां गूंज रही थीं व मोदी - मोदी के स्वर गूंज रहे थे

## पुराने भवन ने आजादी के बाद भारत की लोकतांत्रिक जरूरतों को पूरा किया, नया भवन 21वीं सदी के भारत के सपनों को पूरा करेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह देश को नया संसद भवन समर्पित किया है। इस मौके पर उन्होंने नए संसद भवन में पहली बार संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि 25 सालों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। हमारे पास 25 वर्ष का अमृत कालखंड है। पीएम ने कहा कि यह नया भवन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सपने को साकार करने का साधन बनेगा। यह नया भवन आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी बनेगा। यह नया भवन विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धी होते हुए देखेगा। नए रास्तों पर चलकर ही नए प्रतिमान गढ़े जाते हैं। आज नया भारत नए लक्ष्य तय कर रहा है। नया जोश है, नई उमंग है, दिशा नई है, दृष्टि नई है। उन्होंने कहा कि देश की विकास यात्रा में कुछ पल अमर हो जाते हैं। 28 मई 2023 का ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पीएम ने कहा...

**हमें 25 सालों में मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है**

नई संसद में पीएम मोदी ने दिया पहला संबोधन, कहा- हमें 25 सालों में मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। आज नया भारत नए लक्ष्य तय कर रहा है। नया जोश है, नई उमंग है, दिशा नई है, दृष्टि नई है। यह सिर्फ भवन नहीं है यह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब।

यह नया भवन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सपने को साकार करने का साधन बनेगा। यह नया भवन विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धी होते हुए देखेगा।





पीएम मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष के आसन के नजदीक पवित्र और ऐतिहासिक सेंगोल को भी स्थापित किया। इससे पहले पीएम मोदी ने सेंगोल को 'सांष्टांग दंडवत' प्रणाम किया



### छत्तीसगढ़ के सांसदों ने टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नई दिल्ली में नए संसद भवन के उद्घाटन में छत्तीसगढ़ के सांसद भी शामिल हुए। इनका वहां पर अलग ही अंदाज नजर आया। जहां एक तरफ राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय ने नए भवन की सीढ़ियों पर माथा टेका, वहीं अन्य सांसदों ने भी नए संसद को नमन किया। इसी के साथ प्रदेश के सांसदों ने सेंगोल को प्रणाम भी किया। नए संसद भवन का रविवार को प्रधानमंत्री ▶▶ शेष पेज 4 पर

## 'सेंगोल' कर्तव्य पथ का, सेवा पथ का, राष्ट्र पथ का प्रतीक

पीएम मोदी ने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर कुछ देर पहले संसद की नई इमारत में पवित्र सेंगोल की भी स्थापना हुई है। महान चोल साम्राज्य में सेंगोल को कर्तव्य पथ का, सेवा पथ का, राष्ट्र पथ का प्रतीक माना जाता था। राजा जी और अधिनम के संतों के मार्ग दर्शन में यही सेंगोल सत्ता के हस्तांतरण का प्रतीक बना था। तमिलनाडु से विशेष तौर पर अधिनम के संत भवन में हमें आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित हुए।



**श्रम को समर्पित एक डिजिटल गैलेरी भी यहां**

पीएम मोदी ने कहा कि संसद भवन ने करीब 60,000 श्रमिकों को रोजगार देने का काम किया है। इनके श्रम को समर्पित एक डिजिटल गैलेरी भी बनाई गई है। आज जब हम लोकसभा और राज्यसभा को देखकर उत्सव मना रहे हैं तो मुझे संतोष है कि हमने देश में 30,000 से ज़्यादा नए पंचायत भवन भी बनाए हैं। पंचायत भवन से लेकर संसद भवन तक हमारी निष्ठा एक ही है। मोदी ने इन श्रमिकों का भी सम्मान किया।

**पीएम ने इस कविता की पंक्तियां पढ़ीं...**

नवीन पर्व के लिए नवीन प्राण चाहिए

पीएम मोदी ने अपने भाषण में चरैवेति, चरैवेति को भी दोहराया। पीएम मोदी ने कहा कि जो रुक जाता है, उसका भाग्य भी रुक जाता है, लेकिन जो चलता रहता है, उसका भाग्य भी चलता रहता है। इसलिए चलते रहो, चलते रहो।

*नवीन पर्व के लिए नवीन प्राण चाहिए*
*मुक्त मातृभूमि को नवीन मान चाहिए*
*मुक्त गीत हो रहा नवीन राग चाहिए*

## साहिल ने की पुलिस को चकमा देने की कोशिश, परिवार को भी नहीं दी जानकारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शाहबाद डेरी में लड़की की हत्या के मामले में लगातार नये खुलासे हो रहे हैं।




हत्या के बाद आरोपी साहिल ने शातिराना तरीके से रिठाला में हथियार छुपाया और अपना मोबाइल घर पर छोड़कर बस में सवार होकर बुलंदशहर पहुंचा। बुआ के घर पहुंचकर भी उसने उनको हत्या के बारे में कुछ नहीं बताया। जब दिल्ली पुलिस उसका पीछा करते हुए बुआ के घर पहुंची तब परिवार वालों को मामले की जानकारी हुई। मीडिया सूत्रों के मुताबिक दिल्ली में नाबालिग की हत्या के आरोपी साहिल ने पुलिस की पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। साहिल ने पुलिस से ये भी कहा कि उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। उसने बताया कि कई दिनों से लड़की उसे नजरअंदाज कर रही थी। जिसकी वजह से वह गुस्से से आगबबूला था।

## जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में खीर भवानी मेला शुरू

**गांदरबल।** गांदरबल जिले के तुलमुला में वार्षिक खीर भवानी मेले के दौरान मंदिर में कश्मीरी पंडित श्रद्धालुओं ने मां की पूजा अर्चना की और माथा टेककर आशीर्वाद लिया। मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के तुलमुला इलाके में स्थित क्षीर (खीर) भवानी मंदिर में वार्षिक मेले का आयोजन रविवार से शुरू हो गया है। कश्मीर में पांच मंदिरों में क्षीर भवानी मेलों का आयोजन किया जाता है। गांदरबल के तुलमुल्ला में, कुलगाम के मंजगाम व देवसर में, अनंतनाग के लोगरीपोरा में और कुपवाड़ा के टिक्कर में रागनी भगवती मंदिर में। इनमें से विशाल चिनार के पेड़ों की छाया में बसे तुलमुल्ला मंदिर में गांदरबल के तुलमुल्ला स्थित क्षीर भवानी मंदिर में बड़ी संख्या में कश्मीर और देश के विभिन्न हिस्सों में बसे पंडित माता का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचते हैं।

**श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में माथा टेका**



**न्यू मैक्सिको में वारदात**

## बाइक रैली में गोलीबारी में 3 की मौत, 5 घायल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में फिर गोलीबारी की घटना सामने आई है। न्यू मैक्सिको के रेड रिवर क्षेत्र में मोटरसाइकिल रैली में गोलीबारी हुई है, इसमें तीन लोग मारे गए। पुलिस ने शूटर्स को गिरफ्तार कर लिया है।



मेयर लिंडा काल्होन ने बताया कि 5 लोग गोलीबारी में घायल हुए हैं। न्यू मैक्सिको स्टेट पुलिस (एनएसएसपी) के अनुसार घायलों में से एक को विमान से डेनवर के एक अस्पताल में ले जाया गया। मीडिया ने बताया कि इससे पहले न्यू मैक्सिको स्टेट पुलिस ने ट्वीट में कहा था कि दो लोगों की मौत हो गई और 5 लोग घायल हो गए। मेयर ने कहा कि शूटिंग में शामिल सभी लोग पुलिस हिरासत में हैं।

**पत्नी की पाक सरकार से गुहार**

## यासिन को भारत में मौत की सजा का खतरा

एजेंसी ▶▶ लाहौर

अलगाववादी नेता और पूर्व आतंकी यासीन मलिक की पत्नी मुशाल आगबबूला है। उसने पाकिस्तान से पति को बचाने की गुहार की है। मुशाल ने दावा किया है कि टेरर फंडिंग केस में उम्रकैद की सजा काट रहे उसके पति को फांसी दी जा सकती है। उसने यासीन की रिहाई के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर आवाज उठाने की मांग की है। यासीन पाकिस्तान का पुराना मोहरा है। वह जम्मू-कश्मीर में पहले आतंकवादी घटनाओं में शामिल था। और बाद में सरेंडर कर अलगाववादी गुट हुर्रियत कांफ्रेंस में शामिल हो गया था।



**एनआईए ने की मौत की सजा की मांग**

मुशाल पाकिस्तान में पीस एंड कल्चर ऑर्गनाइजेशन (पीसीओ) की अध्यक्ष है। उसने लाहौर के जिन्ना हाउस में मीडिया को कहा कि भारत की एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख यासीन के लिए फिर से मौत की सजा की मांग की है।

**नीदरलैंड में आंदोलनकारियों ने देश के बड़े हाईवे रोके**

## क्लाइमेट चेंज के खिलाफ प्रदर्शन, सेलेब्रिटीज समेत 1579 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ एम्सटर्डम

नीदरलैंड में पुलिस ने 1500 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। इन लोगों ने सरकार की क्लाइमेट विरोधी नीतियों के खिलाफ हेग शहर के अहम हाईवे ब्लॉक कर दिए थे। प्रदर्शनकारियों में देश के कई बड़े सेलिब्रिटी भी शामिल हैं। पुलिस ने इन्हें खदेड़ने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। पुलिस की तरफ से छोड़ी गई पानी की बौछारों का सामना करने के लिए लोग घर से ही स्विम सूट पहन कर और छाते लेकर आए थे। हालांकि उसका प्रदर्शनकारियों पर कोई खास असर नहीं पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक एक प्रदर्शनकारी को हिरासत में लेने की कोशिश की तो उसने पुलिसवाले को ही काट लिया।

**खास बातें**

- पानी की बौछारों का सामना करने के लिए लोग स्विम सूट पहनकर और छाते लेकर आए थे
- एक प्रदर्शनकारी को हिरासत में लेने की कोशिश की तो उसने पुलिसवाले को ही काट लिया



रिपोर्ट के मुताबिक एक्सटिंक्शन रेबेलियन नाम का संगठन प्रदर्शन करवा रहा है। हाल ही में डच यानी नीदरलैंड की सरकार ने फोसिल फ्यूल सब्सिडी की घोषणा की है। जिसके खिलाफ प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे।

**7 हजार लोगों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया**

संगठन ने दावा किया है कि सरकार की क्लाइमेट विरोधी नीतियों के खिलाफ 7 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारी ने कहा, हम तब तक प्रदर्शन करते रहेंगे जब तक पुलिस हमें घसीट कर रास्ते से दूर नहीं कर दे। क्लाइमेट चेंज बड़ा संकट खड़ा कर रहा है।

**7वीं बार जलवायु परिवर्तन समूह का प्रदर्शन**

पुलिस ने कहा, करीब 1579 लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें से 40 लोगों पर मुकदमा चलाया जाएगा। हेग में हुए विरोध प्रदर्शन में कई डच हस्तियां भी शामिल थी जिनमें टीवी सीरीज गेम ऑफ थ्रोन्स में मेलिसैंड्रे का कैरेक्टर निभाने वाले कैरिस वैन हाउटन थी। हालांकि कैरिस वैन हाउटन को गिरफ्तार करने के बाद घर लौटने की अनुमति दी गई। यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है कि जिन लोगों पर पुलिस मुकदमा चलाएगी उनमें अभिनेता का भी नाम शामिल है या नहीं। हेग में मिलाकर 7वां मौका था जब जलवायु परिवर्तन समूह ने किसी तरह का विरोध प्रदर्शन हुआ है।

**10,000** पाउंड का अंतरराष्ट्रीय पुनर्वास भुगतान

## भारत के गणित और विज्ञान के शिक्षकों की ब्रिटेन में भारी मांग

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन में शिक्षकों के रिक्त पद भरने के लिए चलाए जा रहे विदेशी अभियान के तहत भारत उन देशों में शामिल है जिसके गणित और विज्ञान के योग्य शिक्षकों को 10,000 पाउंड के अंतरराष्ट्रीय पुनर्वास भुगतान के जरिए लुभाया जा रहा है। ब्रिटिश मीडिया में प्रकाशित खबर से यह बात सामने आई है। इस साल भारत और नाइजीरिया जैसे देशों से गणित, विज्ञान और भाषा के सैकड़ों शिक्षकों को ब्रिटेन लाया जाएगा। खबर में कहा गया है कि इस अभियान का अन्य देशों और विषयों में भर्ती के संबंध में विस्तार करने की योजना है।



**300 से 400 शिक्षकों की भर्ती की उम्मीद**

शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में प्रयोगिक तौर पर चलाया जा रहा इंटरनेशनल रिलोकेशन पेमेंट्स (आईआरपी) अभियान विदेशी शिक्षकों को ब्रिटेन में नौकरी की पेशकश करता है और इसके तहत वीजा, प्रवासन स्वास्थ्य अधिभार और अन्य स्थानांतरण खर्चे शामिल होते हैं। ब्रिटिश अधिकारी आगामी शैक्षणिक वर्ष में आईआरपी के तहत 300 से 400 शिक्षकों की भर्ती की उम्मीद करते हैं और अगर यह अभियान विदेशी कर्मचारियों को आकर्षित करने में सफल साबित होता है, तो इसे अन्य विषयों में भी लागू किया जा सकता है।

एक नज़र

## जयपुर में हुआ रूमा देवी-द क्रूसेडर मूवी का प्रीमियर शो

# रूमा का आम से इंटरनेशनल पर्सनेलिटी बनने का सफर




**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। महिला उत्थान और विकास के लिए जब कदम बढ़ाए तो राष्ट्रपति ने भी पुरस्कार देकर सराहा। अब उनको पर्दे पर दिखाया जा रहा है, जिससे वे औरों के लिए भी प्रेरणा बने। ये हैं रूमा देवी। इन पर रूमा देवी-द क्रूसेडर मूवी तैयार की गई और उसका प्रीमियर जयपुर में किया गया। राजीविका के सहयोग से हुए प्रीमियर में रूमा देवी और फिल्म की यूनिट को सम्मानित किया गया। फिल्म्स डिवीजन ऑफ इंडिया की ओर से निर्मित मूवी का डायरेक्शन पीवी धर ने किया है।

### बाल कलाकार भी आएंगे नजर

फिल्म में बाल कलाकार वंदना पंवार, लक्ष्य चौधरी सहित हरिया सरन, महक प्रजापत, गणेश कुमार, सुरेश गोदारा और हाडा ने अभिनय किया है। आलेख सुधीर सोनी ने लिखा है तो वॉइस ओवर गौरव शर्मा का है। संगीत निर्देशन अनन्त नाग का है, जो खास है।

### सामने आया स्ट्रगल

फिल्म में रूमा का बचपन से लेकर इंटरनेशनल पर्सनेलिटी बनने का सफर पर्दे पर आया है। फिल्म के चीफ असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. चंद्रदीप हाडा ने बताया कि उनके बचपन और पारिवारिक पृष्ठभूमि के दृश्यों को बड़ी खूबसूरती से फिल्माया गया है।

## राज्यपाल मिश्र ने जस्टिस मसीह को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को राजभवन में जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। जस्टिस मसीह ने अंग्रेजी भाषा में शपथ ली। समारोह के प्रारम्भ में मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने जस्टिस मसीह को शपथ दिलवाने का आग्रह किया। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु द्वारा जारी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति अधिसूचना एवं वारंट पढ़कर सुनाया। समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी, मंत्रिमण्डल के सदस्यगण, जनप्रतिनिधिगण, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं जस्टिस मसीह के परिजन उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का उदयपुर में ऐलान

# प्रदेश में होगा महाराणा प्रताप बोर्ड का गठन

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर/उदयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में महाराणा प्रताप बोर्ड के गठन का ऐलान किया। यह बोर्ड प्रताप के शौर्य के बारे में युवा पीढ़ी को जागरूक करेगा। साथ ही, यह बोर्ड पाठ्यक्रम सामग्री, धरोहर संरक्षण, नवनिर्माण, विभिन्न भाषाओं में शोध कार्य, प्रकाशन का प्रचार-प्रसार, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार, व्याख्यान, कवि सम्मेलन आदि कार्यों के लिए योजना तैयार करेगा। गहलोत ने कहा कि यह नई पीढ़ी के लिए भी माहौल तैयार करेगा। वर्तमान पीढ़ी का कर्तव्य है कि वह आने वाली पीढ़ी को यह गौरवशाली शौर्य गाथा विरासत में सौंपे। हमें मानवता की सेवा के लिए ही कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े स्थल चावंड, गोगुंदा, हल्दीघाटी आदि स्थान मेवाड़ की पहचान को विशिष्ट बनाते हैं।

मेवाड़ क्षत्रिय महासभा एवं नगर निगम की ओर से सुखाड़िया रंगमंच पर आयोजित महाराणा प्रताप के 483वीं जयंती समारोह में गहलोत ने कहा कि प्रतिवर्ष महाराणा प्रताप की जयंती समारोह मनाने से युवा पीढ़ी उनके त्याग, बलिदान, शौर्य व पराक्रम से प्रेरित हो रही है। उनके शौर्य व बलिदान की गाथा राजस्थान ही नहीं बल्कि देश-विदेश में भी लोगों को स्वाभिमान की भावना से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।



### महाराणा से जुड़े स्थलों के लिए पांच करोड़ रुपए की मंजूरी

मुख्यमंत्री ने उदयपुर में ने महाराणा प्रताप की समाधि, राजतिलक स्थली और अन्य स्थलों के विकास के लिए 5 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य कराने, मीरा मेदपाट बालिका छात्रावास के समीप की भूमि को छात्रावास के लिए आवंटित करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि चावंड में 4 करोड़ रुपए की लागत से महाराणा प्रताप पेनोरमा बनाने की घोषणा की जा चुकी है, जिसके कार्यादेश जारी कर दिए हैं।

### मेवाड़ कॉम्प्लेक्स के लिए प्रधानमंत्री को लिखेंगे पत्र

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि जब वे केन्द्रीय मंत्री रहे, तब मेवाड़ कॉम्पलेक्स की घोषणा की गई थी। इसके तहत महाराणा प्रताप से जुड़े सभी स्थलों का पर्यटन की दृष्टि से विकास शुरू हुआ। देशी-विदेशी पर्यटकों को इन स्थानों पर गौरवशाली इतिहास की जानकारी प्राप्त हो सके, इसके प्रयास किए गए। मेवाड़ कॉम्पलेक्स को प्रभावी बनाया जाए तो यह इतिहास के संरक्षण में कारगर साबित होगा। गहलोत ने कार्यक्रम के मंच पर मौजूद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार से कॉम्पलेक्स से संबंधित पुरानी फाइलों को फिर निकलवाएं और इसी के तहत विकास कार्य करवाएं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह करेंगे।

### जमीन कितनी चाहिए पीएम ने पूछा भी था

सीएम गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बांसवाड़ा दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की तैयारी करके ही आए थे। इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों से पहले ही फोन करके ये पूछा था कि इसके लिए कितनी जमीन की आवश्यकता पड़ेगी। मैं भी इसलिए गया था कि घोषणा करेंगे, लेकिन पता नहीं क्या कारण रहा कि वे मानगढ़ को राष्ट्रीय स्मारक घोषित नहीं कर पाए। वे तो सिर्फ ये कह गए कि राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र व एमपी मिलकर ये तय करें कि क्या बनाना है।

# भूमाफ़िया दीनदयाल चौधरी एसओजी की गिरफ़्त में

### गिरफ़्तारी के बाद चौधरी से कई पीड़ित शिक़ायत लेकर सामने आये

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। एसओजी ने मीना वाला गृह निर्माण सहकारी समिति के डेवलपर दीनदयाल चौधरी को जमीन बेचने के मामले में गिरफ़्तार किया है। एसओजी ने ख़ुलासा किया कि हवा सड़क सोढाला निवासी 61 वर्षीय संतोष देवी ने दीनदयाल चौधरी सहित 6 लोगों के ख़िलाफ़ नामजद धोखाधड़ी की रिपोर्ट 6 जुलाई 2022 को कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई थी। इस मामले में जाँच नहीं होने पर पीड़ित की शिक़ायत पर इस मामले की जाँच एसओजी को दी गई। जांच में दीनदयाल दोषी पाया गया। इसके



बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

एसओजी ने बताया कि पीड़िता ने आरोप लगाया था कि 57 हजार रुपए आरोपियों को दिए। इसकी रसीद आरोपियों ने दी जो की पीड़िता के पास हैं। अब आरोपियों के द्वारा इस भूखंड को किसी और को बेच दिया गया। पीड़िता ने थाने में शिक़ायत दी लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। इस पर पीड़िता ने कोर्ट आदेश पर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने फिर भी इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की। इस पर एसओजी ने इस मामले में अनुसंधान किया।

# दिल्ली फिर शर्मसार, नाबालिग लड़की साक्षी की निर्मम हत्या

### साक्षी मर्डर केस एक संवेदनशील मामला


**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। साक्षी हत्याकांड को लेकर पुलिस को जानकारी मिली है कि रविवार सुबह फोन पर बातचीत के दौरान साक्षी ने साहिल खान को बुरी डांट दिया था जिससे ख़फ़ा होकर साहिल ने सुबह ही उसकी दर्दनाक तरीके से हत्या करने का मानस बना लिया। शाहबाद डेरी इलाके में हुई साक्षी हत्याकांड ने राजधानी वासियों को झकझोर कर रख दिया है। हत्या के लिए चाकू का बंदोबस्त करने के बाद साहिल



पहले अपने दो दोस्तों से मिला था। उनके पास साहिल ने ज़िक्र किया था कि वह साक्षी को सबक सिखाएगा। अपनी बात को अंजाम देते हुए साहिल ने रविवार रात 8.45 बजे ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर साक्षी की बेरहमी से हत्या कर दी।


# जेकेके: समर कैम्प के दौरान कैलीग्राफी एक्सपर्ट हरिशंकर बालोठिया ने दिए टिप्स

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। 73 साल के अनुभवी हाथ कागज पर चले तो मानो अक्षर की जगह मोती जड़ दिए हों। उन्होंने अपना अनुभव बच्चों से साझा कर बारीकियां बताईं। बच्चों के लेखन और हैंडराइटिंग को सुधारने में ये अनुभवी हाथ जुट गए। ये हैं जवाहर कला केंद्र के जूनियर समर प्रोग्राम (कैम्प) में अपने तजुर्बे से बच्चों की लेखनी निखारने में लगे कैलीग्राफी एक्सपर्ट हरिशंकर बालोठिया। कैम्प की क्लास में एक तरफ जहां बच्चों में सुधार लाने की प्रक्रिया जारी है, वहीं उन्हें अपनी जड़ों की ओर ले जाया जा रहा है। समाज का भविष्य माने जाने वाले बच्चों के हाथों को एक जमाने में काम में ली जाने वाली कलम और दवात से लिखने की सीख दी जा रही है।



### पेंसिल से होती है शुरुआत

कैम्प में लगाई जा रही कैलीग्राफी की क्लास में बच्चों को पेंसिल से लेकर कलम दवात के बारे में बताया गया। कक्षा की शुरुआत में बच्चों को पेंसिल से लिखना सिखाया जा रहा है। राइटिंग को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चों में जैसे-जैसे सुधार आता है, वैसे-वैसे बच्चों को कलम दवात थमाई जाती है। बालोठिया बच्चों के लिए अपने हाथ से कलम बनाई है।





### कैलीग्राफी है विज्ञान

हरिशंकर बालोठिया बताते हैं कि कैलीग्राफी अपने आप में एक विज्ञान है। यह केवल राइटिंग सुधारना मात्र ही नहीं है। दरअसल यह गणित पर आधारित है। अक्षरों की बनावट गणित के कोण पर आधारित होती है। मसलन सामान्य राइटिंग नब्बे डिग्री के कोण पर लिखी जाती है, जबकि कर्सिव राइटिंग लिखते समय पैंतालीस डिग्री के कोण का ध्यान रखा जाता है। अंकों का अनुसरण कर अक्षरों की प्रभावी बनावट तैयार की जाती है।

**अभ्यास की कमी ने बिगाड़ी स्थिति:** वे बताते हैं कि हर विधा अभ्यास मांगती है। बात इसकी करें तो इसमें अभ्यास बहुत जरूरी है। प्रैक्टिस की कमी ही बच्चों की लेखनी को सुंदर बनने से रोकती है। बच्चे यहां से सीखते हैं, लेकिन घर पर अभ्यास नहीं करते। ऐसे में माता-पिता को ध्यान देना जरूरी है। जो बच्चे अभ्यास करते हैं, उनमें बेहतरी देखने को मिलती है।

## रवींद्र मंच पर कुंवर प्रताप सिंह बारहठ का जयंती समारोह

# नई पीढ़ी को स्वाधीनता सेनानियों की बलिदान गाथाओं से जोड़ा जाए

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। स्वतंत्रता सेनानी प्रतापसिंह बारहठ की जयंती पर बुधवार को रवीन्द्र रंगमंच पर श्री करणी इन्द्र सेवा समिति की ओर से जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र रहे। वहीं, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट किया कि देश के वीर सपूत अमर क्रांतिकारी प्रतापसिंह बारहठ का स्वतंत्रता संग्राम में अमूल्य योगदान जन-जन के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि स्वाधीनता सेनानियों के बलिदान की गाथाएं हमें प्रेरणा देने के साथ ही राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित होने के लिए जागरूक भी करती हैं। उन्होंने आजादी आंदोलन के गुमनाम शहीदों के बारे में लिखे साहित्य, नाटक और अन्य कार्यों से नई पीढ़ी को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि हमारे देश के स्वाधीनता सेनानियों की वीरता और साहस अद्भुत था। तमाम यातनाएं और प्रलोभन भी उन्हें मातृभूमिकों के प्रति अपने लक्ष्य से डिगा नहीं सके।




राज्यपाल ने कुंवर प्रताप सिंह बारहठ सहित सभी स्वाधीनता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि राजस्थान का कण-कण अमर बलिदानियों के शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के लिए जाता हैं। ऐसे ही कुंवर प्रतापसिंह बारहठ का पूरा परिवार महान क्रांतिकारी परिवार था। ऐसा उदाहरण अन्यत्र शायद ही मिलते हैं, जहां स्वाधीनता के लिए हुई क्रांति में परिजनों सहित किसी ने देश के लिए इस तरह का अनूठा त्याग किया है। केसरीसिंह बारहठ ने अपने भाई जोरावरसिंह बारहठ, पुत्र प्रतापसिंह बारहठ व जामाता ईश्वरदास आसिया को भी विशेष रूप से क्रांतिकारी कार्यों में भाग लेने के लिए भेजा था। राज्यपाल ने इस अवसर पर कुंवर प्रतापसिंह बारहठ के प्रपौत्र विशाल सिंह, उनके जामाता ईश्वरदास आसिया के परिजन सुखदेव सिंह आसिया सहित देशभर से पहुंचे स्वतंत्रता सेनानी परिजनों को सम्मानित भी किया।

### जोशी ने पढ़ा मुख्यमंत्री गहलोत का संदेश

कार्यक्रम में पहुंचे जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री महेश जोशी ने कहा कि चारण समाज के बिना देश और प्रदेश के व्यवस्थित इतिहास की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि देवखेड़ा में राजकीय विद्यालय का नाम कुंवर प्रताप सिंह के नाम पर करने की प्रकिया लगभग पूरी हो चुकी हैं। साथ ही मंत्री जोशी ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के संदेश का वाचन भी किया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और विधायक कैलाश मेघवाल ने कहा कि देवखेड़ा में क्रांतिकारी केसरी सिंह बारहठ पैनोरमा का निर्माण करवाया जा रहा हैं। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा चार करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस अवसर पर पूर्व सांसद और धरोहर संरक्षण बोर्ड के अध्यक्ष रहे ओंकार सिंह लखावत, महंत प्रताप पुरी महाराज, पूर्व विधायक और अखिल भारतीय चारण गढ़ी समाज के अध्यक्ष सीडी देवल ने भी विचार व्यक्त किए। राज्यपाल मिश्र ने इस अवसर पर उपस्थितजन को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, एवं मुद्रक शालिनी श्रीवास्तव के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मुद्रित एवं प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004 (राजस्थान) से प्रकाशित।
**संपादक :** शालिनी श्रीवास्तव **सह-संपादक:** हरीश श्रीवास्तव, छबड़ा बारां **सह-संपादक :** कुलदीप गुप्ता, जयपुर मो.: 9460678701, 7976561127 (21 जून 2014 से निरन्तर प्रकाशित) hillviewsamachar@gmail.com (राजस्थान सरकार से विज्ञापन हेतु स्वीकृत)